हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
BCN GROUP
इंडिया बना चैंपियनशिप ट्रॉफी 2025 का बादशाह
RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, सोमवार, 10 मार्च 2025 अंक 147/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

# हिटमैन की आर्मी ने रचा इतिहास



## शतक से चूके रोहित

शतक की ओर बढ़ रहे कप्तान रोहित शर्मा गलत शॉट खेलकर स्टंपिंग हुए। हिटमैन ने 83 गेंदों का सामना किया और 76 रन बनाए। अपनी इस पारी में रोहित ने 7 चौकों की साथ ही 3 छक्के भी लगाए। रोहित का विकेट गिरने के बाद श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल ने 61 रन जोड़े। फिफ्टी के करीब पहुंच चुके अय्यर 39वें ओवर में कैच आउट हुए। उन्होने 62 गेंदों का सामना किया और 2 चौके-2 छक्के की बदौलत 48 रन की पारी खेली।



## भारत तीसरी बार बना विश्व विजेता
### न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया, रोहित की कप्तानी में 9 महीने में दूसरा आईसीसी खिताब

**दुबई.** टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया है. रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने 9 महीनों के अंदर दूसरी ट्रॉफी हासिल कर ली है. टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतने के बाद रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया ने 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी फिर से जीती है.

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में रविवार 9 मार्च को खेले गए फाइनल में टीम इंडिया ने बेहतरीन गेंदबाजी और कप्तान रोहित शर्मा की दमदार पारी की मदद से न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया. इसके साथ ही टीम इंडिया ने 25 साल पहले इसी टूर्नामेंट के फाइनल में न्यूजीलैंड से मिली हार का हिसाब भी बराबर कर लिया. साथ ही सबसे ज्यादा बार ये भारतीय क्रिकेट टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के खिताब को अपने नाम कर लिया है. टीम इंडिया की जीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने भारतीय खिलाड़ियों को बधाई दी है. पीएम मोदी के अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी समेत तमाम राजनीतिक दिग्गजों ने भारतीय टीम को जीत की बधाई दी है.

ट्रॉफी अपने नाम करने का रिकॉर्ड भी बना लिया. पीएम ने एक्स पर लिखा, 'एक असाधारण खेल और एक असाधारण परिणाम! आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी घर लाने के लिए हमारी क्रिकेट टीम पर हमें गर्व है, जिसने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है. वहीं यह रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया का बीते एक साल में दूसरा खिताब जीता है. न्यूजीलैंड से मिले 252 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को रोहित शर्मा और शुभमन गिल की जोड़ी ने मजबूत शुरुआत दिलाई. दोनों ने पहले विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी की. हालांकि, इसके बाद भारत को तीन झटके लगे. लेकिन फिर अक्षर पटेल और श्रेयस अय्यर ने आकर चौथे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी की. रवींद्र जडेजा ने भारत के लिए जीत के रन बनाए. इससे पहले दुबई में आज टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कीवी टीम 50 ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 251 रन तक ही पहुंच पाई. विपक्षी टीम की तरफ से सबसे सफल बल्लेबाज डेरेल मिचेल रहे. जिन्होंने 101 गेंदों में 63 रन बनाए. मिचेल के अलावा माइकल ब्रेसवेल ने 40 गेंदों में नाबाद 53 रनों की पारी खेली. विल यंग और रचिन रवींद्र की जोड़ी ने न्यूजीलैंड को आक्रमक शुरुआत दिलाई थी, लेकिन जैसे ही दोनों आउट हुए, न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी दबाव में आ गई. भारतीय स्पिनरों ने 11 से 41 ओवरों के बीच कसी हुई गेंदबाजी की. भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट झटके.



## भारत की शानदार शुरुआत

ओपनर रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने भारतीय टीम को तगड़ी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 105 रनों की पार्टनरशिप हुई। 19वें ओवर में गिल कैच आउट हुए। उन्होंने 50 गेंदों का सामना किया और 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाए। अगले ही ओवर में भारत को दूसरा झटका लगा। इन फॉर्म विराट कोहली का बल्ला नहीं चला। विराट ने 2 गेंदों का सामना किया और 1 रन बनाया।

## 25 साल पुरानी हार का लिया बदला

इतना ही नहीं टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड से 25 साल पुरानी हार का बदला भी ले लिया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2000 के फाइनल में कीवियों ने भारत को मात दी थी। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। ऐसे में रोहित शर्मा ने 12 साल का सूखा खत्म कर दिया है। दुबई में खेले गए फाइनल मैच की बात करें तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करने उतरी न्यूजीलैंड टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 251 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 49 ओवर में 6 विकेट खोकर 254 रन बना दिए।

# महिलाओं के बाद गिग वर्कर्स को तोहफा देगी दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली.**

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार, महिलाओं के लिए योजना की शुरुआत करने के बाद अब एक और चुनावी वादा पूरा करने की योजना बना रही है.

रेखा गुप्ता की सरकार डिलीवरी बॉय जैसे गिग वर्कर्स के लिए कल्याणकारी योजनाएं लाने जा रही है. गिग वर्कर्स के लिए कल्याणकारी योजनाएं बनाने और उन्हें लागू करने के लिए समिति बनाई जा चुकी है. इस समिति की अध्यक्षता सुनील के गुप्ता करेंगे. समिति के तहत दो टीमें बनाई गई हैं, एक आईटी/पोर्टल पहलुओं पर काम करेगी और दूसरी टीम तमाम प्लेटफ़ॉर्म और गिग वर्कर्स एसोसिएशन के साथ समन्वय का काम देखेगी.

दिल्ली चुनावों के दौरान डिलीवरी बॉय/सहयोगियों जैसे गिग वर्कर्स के लिए कल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा का वादा किया था. दिल्ली में श्रमिकों के लिए योजनाओं के कार्यान्वयन और केंद्र सरकार द्वारा पारित नियमों के कार्यान्वयन के लिए बीजेपी सरकार द्वारा 6 और समितियां गठित की गयी.

दिल्ली में आर्थिक तौर पर कमजोर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार महिलाओं को 2500 रुपये मंथली की मदद देने जा रही है. बीजेपी चीफ जेपी नड्डा ने शनिवार को महिला समृद्धि योजना को शुरू करने का ऐलान किया. इस योजना के तहत यह अकाउंट दिल्ली की महिलाओं के अकाउंट में भेजा जाएगा. इस योजना के तहत दिल्ली के 15 से 20 लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा.



## महिलाएं आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बन सके

दिल्ली सरकार 3 लाख रुपये प्रति वर्ष से कम घरेलू आय वाली महिलाओं को इसका लाभ देगी, जो टैक्स नहीं चुकाती हैं. ताकि ये महिलाएं आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बन सके. भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि राजधानी की गरीब महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी. रजिस्ट्रेशन के डेट का अधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है. उम्मीद है कि जल्द ही इसके डेट का ऐलान हो सकता है.

# पश्चिम बंगाल में मोबाइल मॉडिफाई कर बांग्लादेश में बेचता था
## दिल्ली में चोर गिरोह का खुलासा



**नई दिल्ली.**

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच और साइबर सेल ने अंतरराष्ट्रीय मोबाइल फोन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने 20 लाख रुपये का 48 मोबाइल फोन बरामद किया. गिरोह दिल्ली-एनसीआर से मोबाइल चोरी कर बांग्लादेश में सप्लाई करता था. पुलिस ने मोबाइल फोन चोर गिरोह के एक सदस्य को सलीमगढ़ बाईपास पकड़ा है. आरोपी की पहचान 24 वर्षीय अब्दुश के रूप में हुई है. अब्दुश पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद का रहने वाला है. पुलिस ने बताया कि गिरोह के सदस्य मेट्रो स्टेशन, बस और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लोगों को निशाना बनाते थे. अब्दुश चोरी का 48 कीमती मोबाइल फोन पश्चिम बंगाल ले जाने की फिराक में था. अधिकारी ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर में मोबाइल फोन चोर गिरोह सक्रिय हैं. चोरी के मोबाइल फोन को नेपाल और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों में सप्लाई की जाती है. मेट्रो, बस और बाजार में मोबाइल चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं.

समस्या से निपटने के लिए साइबर सेल और क्राइम ब्रांच ने विशेष अभियान चलाया. सूचना मिली थी कि अब्दुश दिल्ली में चोरी के मोबाइल फोन का जखीरा जमाकर पश्चिम बंगाल भागने की फिराक में है. टीम ने सलीमगढ़ बाईपास के पास जाल बिछाया. आरोपी ने पुलिस की मौजूदगी भांपकर भागने की कोशिश की. क्राइम ब्रांच और साइबर सेल की टीम ने आरोपी को पकड़ लिया. तलाशी के दौरान पीठ पर टंगे बैग से 48 मोबाइल फोन मिला.

पुलिस ने चोरी के मोबाइल फोन समेत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. गिरोह के सदस्य मोबाइल फोन को 2,000 से 3,000 रुपये में खरीदकर पश्चिम बंगाल ले जाते थे. पश्चिम बंगाल में मोबाइल को मॉडिफाई कर बांग्लादेश सप्लाई कर दिया जाता था. बांग्लादेश के बाजार में मोबाइल फोन 8,000 से 10,000 रुपये में बिकते थे.

पूछताछ में खुलासा हुआ है कि अब्दुश आर्थिक तंगी से जूझ रहा था. जल्दी अमीर बनने चक्कर में अब्दुश मोबाइल चोर गिरोह का सदस्य बन गया. शुरुआत में अब्दुश मोबाइल फोन स्क्रैप का व्यापारी था. उसकी मुलाकात चोरी के मोबाइल फोन कारोबारी समीम और सलीम से हुई. मोटे मुनाफे की चाह में अब्दुश सस्ते दामों पर चोरी के मोबाइल फोन खरीदने लगा.

# बिहार चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस
### 12 मार्च को राहुल से मुलाकात करेंगे राज्य प्रभारी कृष्णा अल्लावारु

**पटना.**



दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भले ही एक भी सीट नहीं जीत पाई, मगर उसने इतना एहसास करा दिया कि क्षेत्रीय दलों को अगर, अपने-अपने स्टेट में राज करनी है तो बिना उसके मुमकिन नहीं है। कांग्रेस को अपनी उंगली पर बिहार में नचाने वाले लालू यादव को इस बार कर्नाटक के कृष्णा से पाला पड़ा है। बिहार के नए प्रभारी कृष्णा अल्लावरु से पहले मोहन प्रकाश इंचार्ज थे, जो पप्पू यादव को पूर्णिया से कांग्रेस का टिकट नहीं दिला पाए। जबकि, पप्पू यादव ने इसी शर्त पर अपनी पार्टी का विलय तक कांग्रेस में करा दिया था। सिर्फ इसलिए कि पप्पू यादव से लालू यादव की 'पॉलिटिकल डील' नहीं हो पाई थी।

वो अलग बात है कि निर्दलीय होकर भी चुनाव जीत गए। वहीं, बेगूसराय से कन्हैया कुमार को कांग्रेस चाहकर भी चुनावी मैदान में नहीं उतार पाई क्योंकि लालू यादव नहीं चाहते थे। कृष्णा अल्लावरू से पहले बिहार कांग्रेस में रवायत हो गई थी कि जो भी प्रदेश अध्यक्ष या बिहार प्रभारी बनता था, वो लालू दरबार में हाजिरी जरूर लगाता था।

# प्रदेश अध्यक्ष के नामों और मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर हुई चर्चा
## पीएम मोदी से मिले सीएम योगी

**लखनऊ.**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से रविवार, 9 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मुलाकात की. सीएम योगी और पीएम मोदी के बीच महाकुंभ के समापन के बाद ये पहली औपचारिक मुलाकात है. इस मुलाकात के दौरान राज्य से जुड़े कुछ अहम मुद्दों पर चर्चा हुई.

जानकारी के अनुसार यूपी में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार और सांगठनिक चुनाव और प्रदेश में होनी वाली नियुक्तियों को लेकर चर्चा हुई. पीएम मोदी और सीएम योगी की बैठक में कुंभ के विभिन्न आयामों पर भी



बातचीत हुई. इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार, 8 मार्च को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से भी मुलाकात की थी. सूत्रों की मानें तो नड्डा के साथ बैठक में भी इन्हीं मुद्दों पर चर्चा हुई थी.

यूपी में कैबिनेट विस्तार के संदर्भ में बात करें तो फिलहाल 6 मंत्रियों की जगह खाली है. इसको लेकर यूपी बीजेपी और हाईकमान के बीच मंथन जारी है. सूत्रों के अनुसार यूपी बीजेपी के मौजूदा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी को योगी कैबिनेट में जगह मिल सकती है. इसके अलावा विभिन्न आयोगों में नेताओं के समायोजन को लेकर भी सांगठनिक वार्ता जारी है. कैबिनेट विस्तार के अलावा यूपी बीजेपी के अध्यक्ष के लिए भी नाम की घोषणा होनी है. कुछ नाम रेस में भी हैं. सूत्रों की मानें तो पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, बीएल वर्मा, धर्मपाल सिंह, स्वतंत्र देव सिंह के नाम इस रेस में है.

# प्रयागराज से हरिद्वार तक होगा गंगा एक्सप्रेस-वे: सीएम योगी

प्रयागराज. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत मेरठ और सहारनपुर मंडल के 1261 युवाओं को ऋण वितरित किए. इसके बाद सीएम योगी ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे के विस्तार का ऐलान भी उन्होंने किया है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, "प्रदेश में पिछले 8 वर्षों में डबल इंजन की सरकार द्वारा किए गए कार्यों का परिणाम है कि सुरक्षा की बेहतर स्थिति, कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति के कारण आज प्रदेश में चारों ओर से निवेश आ रहा है. 15 लाख करोड़ से अधिक के निवेश के प्रस्ताव को अब तक हम धरातल पर उतार चुके हैं." सीएम योगी ने कहा, 'ये नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है. हम युवा ऊर्जा से भरपूर युवा उद्यमी दे रहें हैं. प्रेम मोदी के मेकिंग इंडिया के अभियान को आगे बढ़ाएगा. 2047 में भारत विकसित भारत होगा. कोई रोक नहीं सकता. आठ साल के प्रदेश में डबल इंजन सरकार में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की बेहतर स्थित है.

# झारखंड में अब भी है 'बर्ड फ्लू' का खतरा

**रांची.**

झारखंड के बोकारो जिले में इस संक्रमण के मामले सामने आए हैं. मामले तब सामने आए हैं जब रांची में 'बर्ड फ्लू' से रोकथाम के लिए 5,500 पक्षियों को मारा गया है. एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि इस संक्रमण की आधिकारिक पुष्टि 7 मार्च को हुई जब झारखंड के मुख्य सचिव को एक पत्र जारी किया गया.

बोकारो के सेक्टर-12 में एक सरकारी पॉल्ट्री फार्म में इस संक्रमण का पता लगा है जहां पहले ही लगभग



250 पक्षियों की मौत हो चुकी है. पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन मंत्रालय द्वारा राज्य को बर्ड फ्लू के प्रसार को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के लिए कहा गया था.

इसके बाद बोकारो प्रशासन ने शनिवार को 46 पक्षियों को मार दिया और 506 अंडों को नष्ट कर दिया. इसके अलाव संक्रमित और निगरानी क्षेत्र घोषित करना, प्रभावित परिसरों में प्रवेश रोकना जैसे कदम भी उठाए गए हैं. बोकारो पशुपालन अधिकारी डॉ. मनोज मणि ने बताया, ''पॉल्ट्री फार्म के 46 पक्षियों को मार दिया गया और 506 अंडे और पक्षियों का 1,717 किलोग्राम आहार नष्ट कर दिया गया. पूरे केंद्र को कीटाणुमुक्त किया गया है." उन्होंने कहा कि एक किलोमीटर के दायरे को प्रभावित क्षेत्र घोषित किया गया है और इस दायरे में सभी पक्षियों को मारा जाएगा.

# औरंगजेब की कब्र को लेकर सीएम फडणवीस का बड़ा बयान



**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने औरंगजेब की कब्र को लेकर बड़ा बयान दिया है. शनिवार को उन्होंने कहा कि यह सिर्फ उनकी सरकार का नहीं, बल्कि सभी लोगों का सवाल है कि क्या यह कब्र हटाई जानी चाहिए.

न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार,सीएम फडणवीस ने कहा कि यह औरंगजेब की कब्र कांग्रेस सरकार के समय संरक्षित की गई थी और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन है. इसलिए, इसे हटाने या कोई बदलाव करने के लिए कानून का पालन करना जरूरी होगा. उन्होंने कहा कि इस विषय पर जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लिया जा सकता है. मुख्यमंत्री ने यह बयान मुंबई में 'श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज' के 350वें शहीदी वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में दिया. यह बयान ऐसे समय में आया है जब राज्य में औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद बढ़ रहा है और कई राजनीतिक व धार्मिक संगठनों ने इसे हटाने की मांग की है. दो दिन पहले हिंदू जनजागृति समिति ने आरटीआई के जरिए जानकारी मांगी थी, जिससे पता चला कि 2011 से 2023 तक औरंगजेब की कब्र के रखरखाव पर 6.5 लाख रुपये खर्च किए गए हैं. वहीं, सिंधु दुर्ग किले के राज राजेश्वर मंदिर के रखरखाव के लिए सालाना सिर्फ 6 हजार रुपये दिए जाते हैं. समिति ने इस खर्च पर सवाल उठाए हैं और इसे भेदभावपूर्ण बताया है. हिंदू जनजागृति समिति और अन्य संगठनों ने सरकार से इस मामले पर स्पष्टीकरण मांगा है और कब्र को हटाने की मांग की है. उन्होंने तर्क दिया कि औरंगजेब की कब्र के रखरखाव पर भारी खर्च करना अन्य ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों के साथ अन्याय है.

CMYK

# शालिनीताई मेघे अस्पताल में 4डी अल्ट्रासाउंड मशीन का अनावरण

> गरीब महिलाओं को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवा



**नागपुर.**

वंचित समुदायों के लिए मातृ एवं भ्रूण स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, नागपुर दक्षिण पूर्व के रोटरी क्लब ने शालिनीताई मेघे अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में एक अत्याधुनिक 4डी अल्ट्रासाउंड मशीन का अनावरण किया। यह पहल रोटरी क्लब ऑफ लेक एरोहेड, अमेरिका के सहयोग से की गई है, और इसका उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को आधुनिक, किफायती गर्भ परीक्षण सुविधाएं प्रदान करना है।

इस परियोजना का नाम "एडवांस अल्ट्रासाउंड सोनोग्राफी सपोर्टिंग फिटल डायग्नोसिस" (ग्लोबल ग्रांट प्रोजेक्ट जीजी 2462503) रखा गया है। 38 लाख रुपये की कीमत वाली यह 4डी अल्ट्रासाउंड मशीन रोटरी ग्लोबल ग्रांट प्रोग्राम द्वारा दान की गई है। यह तकनीक गर्भ की प्रारंभिक पहचान में मदद करेगी, जिससे समय पर इलाज संभव होगा। इस पहल के तहत, हर साल 40-50 लाख रुपये की मुफ्त और रियायती जांचें जरूरतमंद महिलाओं को मिलेगी, और रिपोर्ट अब 1 घंटे में उपलब्ध होंगी। इसका खास लाभ ग्रामीण महिलाओं को होगा, जिन्हें अब शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को सफल बनाने में रोटरी फाउंडेशन, शालिनीताई मेघे अस्पताल और अन्य समर्पित संस्थाओं की मेहनत और प्रयासों का बड़ा योगदान रहा है। रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3030 एवं 5330 के अधिकारियों, रोटरी क्लब ऑफ लेक एरोहेड (अमेरिका) और रोटरी क्लब ऑफ नागपुर दक्षिण पूर्व के सदस्यों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### एक नई शुरुआत

इस प्रोजेक्ट की सफलता यह साबित करती है कि सही साझेदारी और सहयोग से स्वास्थ्य सेवा में बड़े सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं, और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं जरूरतमंदों तक आसानी से पहुंचाई जा सकती हैं। अब यह 4डी अल्ट्रासाउंड मशीन गरीब महिलाओं के लिए एक नई उम्मीद और बेहतर स्वास्थ्य सेवा का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर की मुंबई में भी सफलता




**नई दिल्ली.**

चंडीगढ़ में अपार सफलता के बाद, ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर अब मुंबई में अपने भव्य कदम रख चुका है। यह यात्रा, जिसे फैशन और रचनात्मकता के अनूठे संगम के रूप में देखा जा रहा है, मुंबई की ग्लैमर राजधानी को एक नए फैशन हब के रूप में प्रस्तुत कर रही है। इस इवेंट ने आधुनिक कला, साहसिक अभिव्यक्ति और समकालीन सौंदर्य के समन्वय से प्रतिष्ठा की नई परिभाषा गढ़ी है।

मुंबई के बेव्यू लॉन्स, मझगांव में स्थित शानदार फ्लोटिंग रनवे पर डिज़ाइनर तरुण तहिलियानी के कलेक्शन 'ड्रीमस्केप' को प्रस्तुत किया गया, जो समुद्र के खूबसूरत नज़ारों के साथ और भी अद्भुत दिखा। कलेक्शन को तीन प्रमुख थीम्स में बांटा गया था – 'रनवे ऑफ ड्रीम्स', 'रेड कार्पेट' और 'टाइमलेस चार्म', जिनमें प्रत्येक डिज़ाइन में बेजोड़ कारीगरी और अद्वितीय सिल्हूट का बेहतरीन मेल था।फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के सहयोग से आयोजित इस टूर ने भारत के फैशन जगत में नई ऊंचाइयां छुईं। मुंबई संस्करण ने परंपरा और आधुनिकता का बेहतरीन संयोजन प्रस्तुत किया, जो फैशन की दुनिया में एक नई पहचान बना रहा है।

शो में विशेष रूप से डिजाइनर तरुण तहिलियानी ने अपने कलेक्शन को लेकर कहा, "यह कलेक्शन परंपरा और आधुनिकता का संगम है, और मुंबई के समुद्री तट पर इसे प्रस्तुत करना मेरे लिए बेहद खास था। शो के शानदार समापन में डीजे मा फैज़ा की धुनों ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया।अब ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर का अगला पड़ाव 8 मार्च 2025 को वाईजैग होगा, जहां डिज़ाइनर अक्षत बंसल के ब्रांड 'ब्लोनी' के इनोवेटिव डिज़ाइनों को तमन्ना भाटिया की आकर्षक उपस्थिति के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।

## 5 महीने के बाद रिटेल इन्फ्लेशन में कमी की उम्मीद

**नई दिल्ली.**

आरबीआई के दायरे से ऊपर बनी रहने वाला रिटेल इन्फ्लेशन रेट 5 महीने में पहली बार 4 प्रतिशत से नीचे आ सकता है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी यानी सीएमआईई के अनुसार, फरवरी 2025 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी सीपीआई नीचे गिरकर 3.81 प्रतिशत तक आने की उम्मीद है। जनवरी में ये 4.31 प्रतिशत और पिछले साल अगस्त में 3.65 प्रतिशत पर रही थी

यह दर मई, 2023 के बाद से सबसे कम होगी। मुद्रास्फीति की चिंता बढ़ाने वाली सब्जियों की कीमतें तेजी से गिरी हैं। इससे फूड इन्फ्लेशन में बहुत राहत मिली है। ये अनुमान लगाया जा रहा है कि फरवरी में सब्जियों की महंगाई दर घटकर 1.4 प्रतिशत रह गई है, जो जनवरी के 11.4 प्रतिशत से काफी कम है। अप्रैल, 2024 से जनवरी, 2025 के बीच सब्जियों की औसत महंगाई दर 24 प्रतिशत तक रही।



आंकड़ों में कहा गया है कि सब्जियों की कीमतें मासिक आधार पर 9 प्रतिशत घट सकती है, जो लगातार चौथे महीने कीमतों में गिरावट का इशारा है। फरवरी में टमाटर की एवरेज कीमत 23 रुपये प्रति किलोग्राम थी। इसके दाम में 30 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आने की उम्मीद है। फरवरी में प्याज और आलू की कीमतें क्रमशः 36 रुपये प्रति किलोग्राम और 26 रुपये प्रति किलोग्राम थीं। हालांकि ये कीमतें अभी भी 1 साल पहले के स्तर से ऊपर हैं।

लहसुन, अदरक, गोभी, फूलगोभी, बैंगन और भिंडी जैसी अन्य सब्जियों की कीमतों में भी कमी आयी है। दालों ने भी फूड इन्फ्लेशन को कम करने में मदद की। फरवरी में तुअर की दाल में 7.2% की मासिक गिरावट देखी गई। अनाज और उत्पादों में इंफ्लेशन फरवरी में घटकर 5.9% रही। जनवरी में ये दर 6.2% थी। गेहूं की कीमतों में बढ़त जारी रही, हालांकि यह कमजोर रही।

## ट्रंप टैरिफ से घट सकता है किचन का बिल

**नई दिल्ली.**

अमेरिका के 'ट्रंप टैरिफ' और आम भारतीय की किचन के बीच आखिर क्या कनेक्शन हो सकता है? आपने भले इस पर कभी गौर ना किया हो, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप 2 अप्रैल से भारत पर जो 'जैसे को तैसा टैरिफ' लगाने की बात कर रहे हैं, उससे आपकी किचन का बिल भी कम हो सकता है.

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में अमेरिकी संसद को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जैसे देश अमेरिकी ऑटोमोटिव और बाकी प्रोडक्ट्स पर हाई टैरिफ, कभी-कभी तो 100% तक टैरिफ लगाते हैं. इसलिए वह भारत पर वैसा ही टैरिफ लगाएंगे जैसा वह अमेरिका पर लगाता है. इसी को 'जैसे को तैसा टैरिफ'कहा जा रहा है. ऐसे में ये जानना बेहद जरूरी है कि भारत अमेरिका से क्या-क्या इंपोर्ट करता है?




भारत में कई चीजें अमेरिका से इंपोर्ट की जाती हैं. अगर वैल्यू के हिसाब से देखें तो वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने 40.7 अरब डॉलर का सामान अमेरिका से आयात किया. करीब 5,749 तरह की चीजों को अमेरिका से इंडिया में मंगाया गया. भारत मुख्य तौर पर पेट्रोलियम और नेचुरल गैस, मोती और कीमती पत्थर,न्यूक्लियर रिएक्टर और बॉयलर्स, इलेक्ट्रिकल मशीनरी और ढेर सारे एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स को इंपोर्ट करता है. बस इसी एग्रीकल्चर प्रोडक्ट के इंपोर्ट में आपकी किचन का बिल कम करने का जुगाड़ छुपा है.

भारत में अमेरिका से एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स का इंपोर्ट 2024 में 1.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया है. इसमें मुख्य तौर पर बादाम (86.8 करोड़ डॉलर), पिस्ता ( 12.1 करोड़ डॉलर) और सेब (2.1 करोड़ डॉलर) का इंपोर्ट हुआ है. इसके अलावा भारत अपनी दालों की जरूरत पूरा करने के लिए अमेरिका से मसूर का भी बड़े पैमाने पर आयात करता है, हालांकि दाल के आयात पर इंडिया बहुत ज्यादा टैरिफ नहीं वसूलता है.

## टॉप-10 कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन बढ़ा

**नई दिल्ली.**



इधर 'भारत-न्यूजीलैंड मैच' में चौकों और छक्कों की बारिश हो रही है. उधर रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) जैसी कंपनियों के निवेशकों ने भी कमाई का'चौका' लगाया है. स्टॉक मार्केट के कमबैक ने बहुत दिन बाद इस खुशखबरी का मौका दिया है. लंबे समय से शेयर बाजार में मातम का माहौल छाया हुआ था, जो पिछले हफ्ते खुशी में बदल गया. इसने देश की टॉप-10 कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइजेशन को जबरदस्त बूस्ट दिया है.देश की टॉप-10 वैल्यूएबल कंपनियों में से 7 का मार्केट कैपिटलाइजेशन (एमकैप) पिछले हफ्ते कुल मिलाकर 2,10,254.96 करोड़ रुपये बढ़ा है. सबसे ज्यादा फायदे में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही हैं. ये दोनों वैसे भी मार्केट वैल्यू के हिसाब से देश की सबसे अधिक वैल्यूएबल कंपनी हैं. किसी कंपनी के मार्केट कैपिटलाइजेशन में बढ़ोतरी होने का सीधा मतलब होता है कि उस कंपनी के शेयर की वैल्यू बढ़ी है. ये उन कंपनियों के शेयर में इंवेस्ट करने वाले शेयर होल्डर्स की एसेट वैल्यू को बढ़ाता है, जो असल में उनके निवेश पर अच्छे रिटर्न या कमाई के बराबर होता है. बीते हफ्ते में बीएसई सेंसेक्स में कुल 1,134.48 अंक यानी 1.55 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी में 427.8 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की ग्रोथ देखी गई है. अगर पिछले हफ्ते के डेटा को देखें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैपिटलाइजेशन 66,985.25 करोड़ रुपये बढ़कर 16,90,328.70 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का एमकैप 46,094.44 करोड़ रुपये बढ़कर 13,06,599.95 करोड़ रुपये रहा. टॉप-10 कंपनियों की लिस्ट में एमकैप के हिसाब से रिलायंस जहां पहले स्थान पर कायम रही. वहीं मार्केट कैपिटलाइजेशन में तेज उछाल के बाद टीसीएस एक बार फिर लिस्ट में दूसरे स्थान पर पहुंच गई.

## म्यूचुअल फंड्स में दबदबा बना रही हैं महिला निवेशक

**नई दिल्ली.** देश में महिलाओं की म्यूचुअल फंड्स में बढ़ती भागीदारी के साथ उनके बढ़ते निवेश और योगदान में भी जबरदस्त वृद्धि हो रही है। महिला निवेशकों के बढ़ते योगदान और निवेश प्रतिबद्धता को देखते हुए हाल ही में 1 लाख महिला निवेशकों के निवेश पैटर्न का सर्वेक्षण किया गया। इसके डेटा दर्शाते हैं कि महिलाएं सोच-समझकर बड़े निवेश कर रही हैं और अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं।

डेटा से पता चलता है कि महिला निवेशकों का एवरेज सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (SIP) योगदान पुरुषों की तुलना में लगभग 22% अधिक है, जबकि उनका एवरेज निवेश पुरुषों से लगभग 45% अधिक रहा है। ये डेटा दर्शाते हैं कि महिलाएं वित्तीय बाजारों और जोखिम को एक नए नजरिए से देख रही हैं।




1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक फोनपे वेल्थ म्यूचुअल फंड्स की 1,00,000 महिला निवेशकों पर किए गए सर्वेक्षण के अनुसार 90% महिला निवेशक सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के साथ शुरुआत करती हैं, जिससे पता चलता है कि वे अनुशासित और दीर्घकालिक निवेश को प्राथमिकता देती हैं। महिला निवेशकों का एवरेज एसआईपी योगदान मूल्य रु. 1300 है, जो पुरुषों की तुलना में 22% अधिक है। महिला निवेशकों का एवरेज लम्पसम निवेश पुरुष निवेशकों की तुलना में 45% अधिक है।

## जीएसटी दरें और कम होंगी!

**नई दिल्ली.** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स दरों में बदलाव का संकेत दिया है। जीएसटी स्लैब में बदलाव पर भी विचार हो रहा है। वित्त मंत्री ने जल्द ही इस बारे में अंतिम फैसला आने की बात कही। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने पर अंतिम फैसला जल्द ही लिया जाएगा। स्लैब के पुनर्गठन की समीक्षा की जा रही है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इस ओर इशारा किया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों के तर्कसंगत अंतिम निर्णय पास है। उन्होंने बताया कि इनके स्लैब को फिर से तय करने की समीक्षा चल रही है। इससे जल्द ही देश को नई दिशा मिलेगी और आर्थिक व्यवस्था में सुधार होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संकेत दिए हैं कि जीएसटी सिस्टम में जल्द ही बड़े बदलाव होने वाले हैं। जीएसटी दरों में कमी और टैक्स स्लैब्स को सरल बनाने की तैयारी अंतिम चरण में है।

## सिल्वर ने निवेशकों को दिया बड़ा फायदा

**नई दिल्ली.**

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच चांदी भी निवेशकों को निवेश के लिहाज से आकर्षित कर रही है और इसने इस साल अबतक लगभग 11 प्रतिशत का रिटर्न (प्रतिफल) दिया है। इसके बावजूद विशेषज्ञों का मानना है कि मजबूत बुनियाद और अन्य मूल्यवान धातुओं की तुलना में सस्ती कीमतों के साथ, चांदी का प्रदर्शन रिटर्न के लिहाज से अगले दो-तीन साल बेहतर रहने की उम्मीद है।




विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि सोने की तुलना में चांदी में उतार-चढ़ाव अधिक होता है। इसका कारण यह निवेश परिसंपत्ति के साथ-साथ औद्योगिक धातु के रूप में उपयोगी और आकर्षक है। लेकिन यह सोने की तुलना में अधिक किफायती है, जिससे छोटे निवेशकों के लिए इसे खरीदना आसान हो जाता है.

मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, '' देश में चांदी की कीमत एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज) वायदा में बीते वर्ष 17.50 प्रतिशत चढ़ी है और यह 10 साल के औसत रिटर्न 9.56 प्रतिशत से अधिक है। पिछले दो साल में इसमें मजबूत प्रदर्शन देखने को मिला है और इस साल भी अबतक इसमें 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।''

उन्होंने कहा,चांदी के हाल के प्रदर्शन को देखते हुए निवेशक आने वाले समय में इसमें संभावनाओं को लेकर सतर्क हुए हैं। वर्तमान में, चांदी वैश्विक वित्तीय संकट के दौरान 25 अप्रैल, 2011 को निर्धारित अपने रिकॉर्ड 50 डॉलर प्रति औंस से लगभग 35 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रही है। कीमत का यह स्तर बाजार में तेजी की उम्मीद करने वालों के लिए निवेश को लेकर एक आकर्षक प्रवेश बिंदु का संकेत हो सकता है।'' उल्लेखनीय है कि एशियाई बाजार में चांदी वायदा कीमत बीते शुक्रवार को 0.17 प्रतिशत घटकर 33.28 डॉलर प्रति औंस रही।


आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के निदेशक (जिंस और मुद्रा) नवीन माथुर ने कहा, ''एक जिंस के रूप में चांदी औद्योगिक धातु होने के कारण अत्यधिक अस्थिर रही है। साथ ही अनिश्चित आर्थिक परिदृश्य के दौरान निवेश उद्देश्यों के लिए भी इस पर गौर किया जाता है। हालांकि, अन्य कीमती धातुओं की तुलना में मजबूत बुनियाद और सस्ती कीमतों के साथ, अगले दो-तीन साल के परिदृश्य के हिसाब से रिटर्न के मामले में चांदी का प्रदर्शन अन्य कीमती धातुओं से बेहतर रहने की उम्मीद है। इसलिए उच्च रिटर्न को देखते हुए चांदी में निवेश अब भी बेहतर जान पड़ता है।

# मसूर दाल पर लगेगा 10 फीसदी आयात शुल्क

> पीली मटर पर भी लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।**

सरकार ने मसूर दाल पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। इसके अलावा घरेलू उपलब्धता बढ़ाने के लिए पीली मटर के शुल्क-मुक्त आयात को तीन महीने यानी इस साल 31 मई तक बढ़ा दिया गया है। इस बारे में सरकार की ओर से अधिसूचना जारी की गई है।अधिसूचना के जरिये सरकार ने 8 मार्च से दालों पर 5 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क और प्रतिशत कृषि अवसंरचना और विकास उपकर लगाया है। अभी तक दालों के आयात को शुल्क-मुक्त रखा गया था।



### खनन और विनिर्माण क्षेत्रों का खराब प्रदर्शन

आईआईपी आंकड़े औद्योगिक उत्पादन का महत्वपूर्ण संकेतक हैं, जो राष्ट्र के औद्योगिक विकास की निगरानी में मदद करते हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2024 में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर 3.2% पर आ गई, जो तीन महीने का सबसे निचला स्तर है। इसका कारण खनन और विनिर्माण क्षेत्रों का खराब प्रदर्शन रहा।

सरकार ने शुरुआत में दिसंबर, 2023 में पीली मटर के शुल्क मुक्त आयात की अनुमति दी थी और बाद में इसे 28 फरवरी तक तीन बार बढ़ाया था। अनुमान के मुताबिक, 2024 के दौरान कुल 67 लाख टन दालों का आयात हुआ। इसमें पीली मटर का हिस्सा 30 लाख टन रहा।

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र मोहिनी
विकली लॉटरी
सोडत सायं. 4:30 वाजता
सोडत दर रविवार • सोडत क्रमांक 10 • तिकीट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 09/03/2025

| | |
|---|---|
| पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- | MO-02 : 1234 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| | | | |
|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 4433 (पवार लॉटरी - ठाणे) | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 2471 | 2791 | 4760 (चिराग एन्टरप्रायझेस, नाशिक) |

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1031 | 1915 | 2862 | 3381 | 4789 |
| 1054 | 2021 | 2900 | 3406 | 4819 |
| 1090 | 2023 | 2972 | 3536 | 4846 |
| 1092 | 2172 | 3056 | 3631 | 4945 |
| 1151 | 2220 | 3134 | 3651 | 5557 |
| 1187 | 2244 | 3189 | 4026 | 5673 |
| 1195 | 2277 | 3249 | 4556 | 5922 |
| 1498 | 2810 | 3310 | 4641 | 5966 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत
सोडत दिनांक 21/03/2025
जिंका फक्त 4 अंकावर
पहिले सामाईक बक्षिस रु. ₹ 50 लाख (रु. 25 लाखाची 2 बक्षिसे)
दुसरे बक्षिस ₹10 लाख *(रु. 10 हजाराची 100 बक्षिसे)*
तिसरे बक्षिस ₹5 लाख *(रु. 5 हजाराची 100 बक्षिसे)*
200/-
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जवाबदार नाही. • अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे. • प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र मोहिनी विकली लॉटरी सोडत दिनांक 09/03/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी
रवि विकली लॉटरी
सोडत संध्या. 4:45 वाजता
सोडत दर रविवार • सोडत क्रमांक 10 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 09/03/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 3108 | 5196 (श्री गणेश एन्टरप्रायझेस, दादर, मुंबई) | 5998 (श्री सिद्धि समर्थ एजेंसी, दादर - मुंबई) | 1169 | 7202 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 1037 (वैशाली लॉटरी - बोरिवली) | | | | | 2070 | | | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1511 | | 4515 | | 6740 (हरी श्री लॉटरी सेंटर, नालासोपारा) | | 8143 | | 9975 | |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 1727 | 3622 | 3948 | 4628 | 5594 | 6724 | 7164 | 7551 | 8257 | 8392 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 0058 | 0877 | 3267 | 3794 | 4488 | 6210 | 6634 | 7658 | 7713 | 9260 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| सहावे बक्षिस रु. 300/- | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 0722 | 1940 | 2796 | 3530 | 4714 | 5565 | 6606 | 7372 | 8329 | 9159 |
| | 0732 | 2060 | 2799 | 3631 | 4742 | 5573 | 6637 | 7489 | 8378 | 9193 |
| 0008 | 0756 | 2122 | 2830 | 3725 | 4743 | 5587 | 6650 | 7521 | 8438 | 9297 |
| 0019 | 0824 | 2128 | 2869 | 3823 | 4778 | 5725 | 6665 | 7647 | 8485 | 9344 |
| 0037 | 0902 | 2152 | 2871 | 3826 | 4779 | 5755 | 6786 | 7668 | 8488 | 9389 |
| 0090 | 0940 | 2194 | 2926 | 3828 | 4822 | 5774 | 6810 | 7707 | 8508 | 9523 |
| 0094 | 1021 | 2216 | 2930 | 3903 | 4874 | 5787 | 6829 | 7732 | 8715 | 9528 |
| 0100 | 1116 | 2228 | 2934 | 3930 | 4947 | 5830 | 6860 | 7762 | 8748 | 9592 |
| 0240 | 1127 | 2249 | 2950 | 3933 | 4986 | 5945 | 6864 | 7776 | 8773 | 9629 |
| 0243 | 1181 | 2297 | 2956 | 4046 | 5135 | 6136 | 6917 | 7793 | 8809 | 9684 |
| 0264 | 1269 | 2311 | 2959 | 4097 | 5161 | 6138 | 6960 | 7878 | 8848 | 9717 |
| 0283 | 1301 | 2384 | 2996 | 4414 | 5207 | 6150 | 7026 | 7905 | 8859 | 9836 |
| 0338 | 1341 | 2421 | 3127 | 4419 | 5307 | 6305 | 7067 | 7964 | 8891 | 9909 |
| 0367 | 1431 | 2432 | 3136 | 4433 | 5356 | 6380 | 7070 | 8080 | 8899 | 9956 |
| 0374 | 1617 | 2480 | 3270 | 4464 | 5383 | 6436 | 7080 | 8089 | 8916 | 9959 |
| 0429 | 1651 | 2527 | 3273 | 4465 | 5463 | 6479 | 7135 | 8186 | 8927 | 9977 |
| 0511 | 1663 | 2571 | 3358 | 4597 | 5498 | 6503 | 7207 | 8272 | 8981 | 9980 |
| 0522 | 1761 | 2610 | 3385 | 4633 | 5545 | 6507 | 7333 | 8282 | 8983 | 9987 |
| 0646 | 1770 | 2736 | 3419 | 4645 | 5549 | 6596 | 7338 | 8298 | 9129 | 9990 |

जिंका फक्त 5 अंकावर
पहिले सामायिक बक्षिस ₹ 1 करोड (रु. 50 लाखाची 2 बक्षिसे)
महाराष्ट्र गुढीपाडवा भव्यतम सोडत
सोडत दिनांक 29/03/2025
प्रोत्साहनपर बक्षिसे ₹ 8 लाख (₹1 लाखाची 8 बक्षिसे)
दुसरे बक्षिस रु. ₹ 10 लाख (₹2 लाखाची 5 बक्षिसे)
तिकीटची किंमत ₹200/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी रवि विकली लॉटरी सोडत दिनांक 09/03/2025
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

प्रविण कडू : 9822472123

# महाराष्ट्र में लव जिहाद कानून की जरूरत

## > देवेंद्र फडणवीस ने उठाया मुद्दा

**मुंबई.**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र में 'लव जिहाद' कानून की जरूरत पर फिर से जोर दिया है। उन्होंने दावा किया कि ये मामले छिटपुट नहीं हैं और एक लाख से ज़्यादा शिकायतें मिली हैं। शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर वे महिला पत्रकारों के एक समूह से बात कर रहे थे। दो बीजेपी विधायकों ने चल रहे विधानसभा सत्र में 'लव जिहाद' से निपटने के लिए एक प्राइवेट मेंबर बिल पेश किया है। 'लव जिहाद' एक ऐसा शब्द है जिसका इस्तेमाल उस कथित साज़िश के लिए किया जाता है।



राज्य सरकार ने इस साल फरवरी में 'लव जिहाद' से संबंधित कानूनों का अध्ययन करने के लिए एक समिति का गठन किया था। फडणवीस ने कहा,'शुरुआत में, ये मामले छिटपुट लग रहे थे, लेकिन इनमें एक सुनियोजित तरीका है। यह एक कट्टरपंथी मानसिकता को दर्शाता है। हम समिति की रिपोर्ट का अध्ययन करेंगे।'

जब महायुति सरकार की गठित मीडिया मॉनिटरिंग सेल के बारे में पूछा गया, तो फडणवीस ने कहा कि सेल का उद्देश्य सरकार पर आने वाली ख़बरों पर नज़र रखना होगा ताकि ज़रूरत पड़ने पर सरकार जवाब दे सके और स्पष्टीकरण दे सके।

अपनी पत्नी के अलग पेशे को अपनाने के समर्थन के बारे में पूछे जाने पर, फडणवीस ने कहा कि वह हमेशा अपनी पत्नी की स्वतंत्रता का सम्मान करते हैं, भले ही वह उनके विचारों से सहमत न हों। फडणवीस ने कहा, 'मेरी वजह से उन्हें अक्सर सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है।'

### फडणवीस की बेटी बनना चाहती है वकील

फडणवीस ने कहा कि उन्हें एक बेटी होने पर बहुत खुशी है और उन्हें अपनी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए पुरुष उत्तराधिकारी के लिए सामाजिक दबाव का कभी सामना नहीं करना पड़ा। फडणवीस ने कहा,'मुझे बेटी होने पर बहुत खुशी है। मुझे लगता है कि बेटियों के अपने माता-पिता की देखभाल करने की संभावना अधिक होती है।' उन्होंने आगे कहा कि उनके परिवार में वे शायद आखिरी सदस्य होंगे जो राजनीति में होंगे। उन्होंने कहा, 'मेरी बेटी वकील बनना चाहती है।'

## बाल यौन अपराधी गिरफ्तार

**शिरूर.** एक 16 वर्षीय कानूनी रूप से विकलांग लड़के को सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक नाबालिग लड़की से मिलने और उससे दोस्ती करने के बाद उसके साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 7 मार्च 2025 को दोपहर 3 बजे और 6 मार्च को दोपहर करीब 2 बजे करेगांव तालुका में। यह घटना पुणे के शिरुर जिले के मल्हार हिल्स में घटी । एक 16 वर्षीय लड़के ने इंस्टाग्राम पर एक नाबालिग लड़की से मुलाकात की, उससे दोस्ती की, उसे कारेगांव में अपने निवास पर ले गया और उसके साथ दो बार जबरन यौन संबंध बनाए, यह कहते हुए कि, "मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं, मैं तुम्हें बहुत पसंद करता हूं।" उसने मुझे धमकी भी दी कि अगर मैंने घटना के बारे में किसी को बताया तो वह मुझे जान से मार देगा। इस मामले में पुलिस ने एक बाल यौन अपराधी को गिरफ्तार किया है। अधिनियम संख्या 2012 की धारा 4,8,12. एससी/एसटी. प्रति. सुधा अधि.2015 की धारा 3(1)(डब्ल्यू)(आई)(आईआई), 3(2)(वी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# दम घुटने से 5 मजदूरों की मौत

**मुंबई.**

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बड़ा हादसा हो गया। रविवार को निर्माणाधीन बिल्डिंग के वाटर टैंक में सफाई कर रहे 5 मजदूरों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया है।

मुंबई के नागपाड़ा इलाके में रविवार को यह हादसा हुआ, जहां एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में कुछ मजदूर पानी की टंकी की सफाई कर रहे थे। सफाई करते समय वाटर टैंक में दम घुटने से 5 मजदूरों की जान चली गई। काफी देर तक जब मजदूर बाहर नहीं निकले तो आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी।

पानी की टंकी में सफोकेशन की वजह से पांचों मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस निर्माणाधीन बिल्डिंग के मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी कर रही है। साथ ही मतृकों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।






गुड लक मोटर ट्रेनिंग स्कूल, मिंट रोड, नागपाड़ा के पास एक निर्माणाधीन इमारत में पानी की टंकी की सफाई करते समय 5 ठेका मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। बीएमसी से मिली जानकारी के अनुसार मजदूरों को मुंबई फायर ब्रिगेड द्वारा जेजे अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

घटना की सूचना मिलते ही नागपाड़ा पुलिस आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से पानी की टंकी से मजदूरों के शवों को बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शवों को अस्पताल भेज दिया। पुलिस की टीम ने मामले की जांच पड़ताल भी शुरू कर दी है।

## मिट्टी का ढेर गिरने से मजदूर की मौत

**वसई.** नालासोपारा पूर्व में विवांता होटल के पास खुदाई करते समय मिट्टी का ढेर गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। यह घटना शनिवार को दोपहर करीब 12:30 बजे नगरपालिका के सीवर की खुदाई के समय घटी। मृतक मजदूर का नाम ढेना हांसदा (48) है। वसई विरार नगर निगम ने नालासोपारा पूर्व में विवांता होटल के पास के क्षेत्र में सीवेज चैनल बनाने का काम शुरू कर दिया है। इस कार्य का ठेका ईगल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया। इस सीवर लाइन बिछाने के लिए खुदाई शुरू हो गई है। शनिवार दोपहर को खुदाई करते समय बगल में रखा मिट्टी का ढेर सीधे मजदूर पर गिर पड़ा। मिट्टी के इस ढेर के नीचे दबने से मजदूर ढेना हांसदा की मौके पर ही मौत हो गई। धेना हांसदा मूल रूप से झारखंड का रहने वाला है और फिलहाल वसई विरार में मजदूरी कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही तुलिंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय जाधव ने बताया कि तुलिंज पुलिस स्टेशन में मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है। सीवेज की निकासी के लिए बड़े पैमाने पर खुदाई की जा रही है। लगभग दस से बारह फीट गहरा गड्ढा खोदा जा रहा है।





# भीषण लू की चेतावनी

**मुंबई.**

राज्य के लिए बुरी खबर है। मुंबई, ठाणे और रायगढ़ में भीषण गर्मी पड़ने वाली है। आईएमडी ने हीटवेव की चेतावनी जारी की है। यह चेतावनी 9 मार्च से लगातार तीन दिनों तक रहेगी। मौसम विभाग ने बताया है कि कुछ इलाकों में लू चलने की पूरी संभावना है। 12 मार्च से गर्मी और उमस फिर से बढ़ने की उम्मीद है। ऐसे मौसम को लेकर मौसम विभाग भी हैरान है।

शनिवार कोआईएमडी सांताक्रूज ने दिन का तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। यह सामान्य से तीन डिग्री ज़्यादा था। आईएमडी कोलाबा ने 34 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया, जो सामान्य से 2.9 डिग्री ज़्यादा था। एक दिन पहले ही,आईएमडी कोलाबा और सांताक्रूज़ वेधशाला ने दिन का तापमान क्रमशः 34.5 और 35.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया था।

उन्होंने कहा,'एक लगातार बना हुआ हाई-प्रेशर सिस्टम मुंबई में समुद्री हवाओं को रोक रहा है। आमतौर पर समुद्री हवाएं एक प्राकृतिक थर्मोस्टेट की तरह काम करती हैं। ये तटीय इलाकों को गर्मी से राहत देती हैं। लेकिन, इस साल पश्चिमी विक्षोभ के न होने के कारण समुद्री हवाएं देरी से आ रही हैं। इस वजह से दोपहर एक-दो बजे तक शुष्क ज़मीनी हवाएं चलती रहेंगीं, जिससे तापमान काफ़ी बढ़ सकता है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि मुंबईवासियों को अगले कुछ दिनों तक ज़्यादा गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। सभी को धूप से बचने और खूब पानी पीने की सलाह दी जाती है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों का ध्यान रखें।


## झील में मछलियों की बड़ी संख्या में मौत

**बोईसर.** तारापुर के पास कुदन गांव में आज सुबह एक तालाब में हजारों मछलियां मृत पाई गईं। तारापुर के पास कुदन ग्राम पंचायत की सीमा में माली स्टॉप के पास एक तालाब में रविवार सुबह हजारों मछलियां मृत पाई गईं। एक स्थानीय पक्षी-प्रेमी, जो सुबह पक्षियों को देखने के लिए झील क्षेत्र में गया था, उसने सबसे पहले झील में मृत मछलियों की बीट देखी। यह स्पष्ट नहीं है कि क्षेत्र में औद्योगिक अपशिष्ट जल न होने के बावजूद झील में हजारों मछलियों की मौत का वास्तविक कारण क्या था। इस संबंध में महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तारापुर कार्यालय के क्षेत्रीय अधिकारी के प्रतिनिधियों ने घटनास्थल का दौरा किया और जांच के लिए तालाब से मृत मछलियों और पानी के नमूने एकत्र किए। गर्मियों में गर्मी नाटकीय रूप से बढ़ गई है, और ऐसा माना जा रहा है कि मछलियां झील के पानी में घुलित ऑक्सीजन की मात्रा में कमी या बढ़ती गर्मी के कारण विषाक्तता के कारण मर गईं। इस मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों ने मौके पर जाकर झील का निरीक्षण किया ताकि मछलियों की मौत का सही कारण पता लगाया जा सके।

# महिला दिवस पर युवती से दुष्कर्म

## > पुलिस अधिकारी के विरुद्ध केस दर्ज

**बीड.** बीड में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां रक्षक ही शिकारी बन गया. एक तरफ जहां पूरा देश महिला दिवस मना रहा था. वहीं, दूसरी ओर बीड़ में पुलिस का एक अधिकारी महिला के साथ रेप की घटना को अंजाम दे रहा था. पुलिस अधिकारी ने महिला दिवस के अवसर पर सम्मानित करने के बहाने महिला को बुलाया था, जहां उसने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर आरोपी पुलिस अधिकारी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है.



बीड जिले के पाटोदा थाने के पुलिस अधिकारी उद्धव गडकर ने महिला दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम के लिए एक महिला को आमंत्रित किया था. महिला अधिकारी के कहने पर कार्यक्रम में जाने को तैयार हो गई. इसके बाद आरोपी अधिकारी महिला को एक कमरे में ले गया, जहां उसने उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया. इस दौरान महिला ने चीखने- चिल्लाने और भागने की बहुत कोशिश की, लेकिन आरोपी ने चोरी का झूठा मामला दर्ज कराने की धमकी देते हुए उसके साथ बलात्कार किया. घटना के बाद दोपहर करीब एक बजे महिला शिकायत दर्ज कराने पाटोदा पुलिस थाने आई. महिला दोपहर एक बजे से ही पुलिस थाने में बैठी थी. इसके बाद घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक बालकृष्ण हंगुडे पाटिल ने पाटोदा पुलिस स्टेशन का दौरा किया. उन्होंने इस मामले की जांच के निर्देश दिए. इसके बाद शाम करीब साढ़े छह बजे महिला को मेडिकल जांच के लिए बीड भेज दिया गया. पुलिस ने आरोपी पुलिस अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है.

## शरद पवार गुट का पुणे में मेट्रो ट्रैक पर प्रदर्शन


**पुणे.** महापुरुषों का इतिहास हर स्कूल में पढ़ाया जाए, युवाओं को रोजगार मिले, महिलाओं और लड़कियों पर यौन उत्पीड़न की घटनाएं बंद हों और आरोपियों को कड़ी सजा मिले, राजनीति में भाई-भतीजावाद खत्म हो, इन मांगों को लेकर शरद पवार गुट के पुणे शहर उपाध्यक्ष नरेंद्र पावटेकर ने पुणे महानगरपालिका के पास मेट्रो स्टेशन की पटरी पर विरोध प्रदर्शन किया। उस समय एक प्रदर्शनकारी खुद पर पेट्रोल डालकर आत्महत्या करने की कोशिश कर रहा था।पुलिस उपायुक्त संदीप सिंह गिल प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया और सभी प्रदर्शनकारियों को मेट्रो ट्रैक से हटा दिया।

# ट्रैफिक सिग्नल पर किया था पेशाब

## > युवक ने मांगी माफी

**पुणे.**

पुणे की सड़कों पर पेशाब करते और अश्लील हरकतें करते देखे गए गौरव आहूजा नाम के शख्स को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. पुलिस के हिरासत में लिए जाने के बाद माफी मांगते हुए गौरव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें गौरव माफी मांगता हुआ नजर आ रहा है और कह रहा है,"मुझसे गलती हो गई, मुझे एक मौका दीजिए. गौरव आहूजा ने पुणे के शास्त्री नगर चौक पर अश्लील हरकत की, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. इसमें वह ट्रैफिक सिग्नल पर सड़क के बीच में अपनी कार रोकता और बीच सड़क पर पेशाब करता नजर आया था. जब पुलिस उससे पूछताछ करने पहुंची तो उसने सरेंडर कर दिया, जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया.





दरअसल पुणे में एक युवक नशे की हालत में सुबह-सुबह बीएमडब्ल्यू कार से उतरकर सड़क पर अश्लील हरकतें करता नजर आया था. ये मामला येरवडा इलाके से सामने आया था, जहां युवक सड़क से गुजर रही महिलाओं को अश्लील इशारे कर रहा था. उसने सिग्नल पर पेशाब भी कर दिया था. वह नशे की हालत में येरवडा क्षेत्र के शास्त्री नगर चौक पर महिलाओं के सामने अश्लील हरकतें कर रहा था, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थीं.


हालांकि अब आरोपी गौरव आहूजा को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसका एक वीडियो भी सामने आया है. इस वीडियो में वह इस मामले पर माफी मांगता नजर आ रहा है. वह कह रहा है "मैं गौरव आहूजा हूं, मैं पुणे में रहता हूं. कल मैंने जो किया वह बहुत गलत था. मैं सच्चे दिल से माफी मांगता हूं. मैं पूरी जनता, पुलिस प्रशासन और शिंदे साहब से माफी मांगता हूं. मुझे माफ़ कर दो और एक मौका दे दो."

# गंगा सफाई पर राज ठाकरे ने उठाए सवाल

## > कहा- देश में एक भी नदी साफ नहीं

**पिंपरी चिंचवड़.**

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के चीफ राज ठाकरे ने महाकुंभ में स्नान करने वालों को लेकर विवादित बयान दिया है. उन्होंने कहा कि गंगा का पानी गंदा. मैं कभी ये पानी नहीं छूऊंगा. अपनी पार्टी के 19वें स्थापना दिवस के मौके पर पिंपरी चिंचवड़ में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज ठाकरे ने कहा कि लोगों को अंधविश्वास से बाहर निकलना चाहिए.



मनसे चीफ ने कहा कि हाल में मुंबई की सभा में कुछ पदाधिकारी अनुपस्थित थे. उन अनुपस्थित पदाधिकारियों की जांच की गई. उनमें से कुछ ने कारण बताया कि वे कुंभ मेले में गए थे. मैंने उनसे कहा कि इतने पाप क्यों करते हो कि उन्हें धोने के लिए गंगा में जाना पड़ता है? तीर्थराज प्रयाग में 144 साल बाद लगने वाले इस महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई है. यह संख्या देश की लगभग आधी आबादी है. महाकुंभ मेले की शुरुआत 13 जनवरी को हुई थी. 26 फरवरी यानी महाशिवरात्रि को अंतिम अमृत स्नान था. इस दिन करीब 1.32 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया. महाकुंभ में 50 से अधिक देशों से श्रद्धालु आए थे.

### गंगा कैसे स्वच्छ रहेगी?

मेरा कहना है कि इतने लोगों के स्नान करने के बाद गंगा कैसे स्वच्छ रहेगी? ऐसा पानी कौन पिएगा? मैं श्रद्धा समझ सकता हूं, लेकिन इस देश में एक भी नदी स्वच्छ नहीं है. हम नदी को माता कहते हैं, लेकिन उसे स्वच्छ नहीं रखते. राजीव गांधी के समय से गंगा साफ होगी, ऐसा सुनते आ रहे हैं, लेकिन आगे क्या हुआ? मेरे महाराष्ट्र सैनिकों को अंधविश्वास से बाहर आना चाहिए.

## आज का राशिफल

मेष- मेष राशि के जातकों के लिए कल दिन लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा. आपका कोई पुराना मित्र लंबे समय बाद आपसे मिलने आ सकता है.

वृषभ- राशि के जातकों के लिए दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि मिल सकती है.

मिथुन- राशि के जातकों के लिए दिन किसी नए काम को करने के लिए अच्छा रहेगा. आप अपने पिताजी से कामों को लेकर सलाह ले सकते हैं.

कर्क- राशि के जातकों के लिए दिन सोच समझ कर कामों को करने के लिए रहेगा. आपको किसी अजनबी पर भरोसा करने से बचना होगा.

सिंह- राशि के जातकों के लिए दिन कठिनाइयों भरा रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपके बॉस यदि आपको कोई काम सौंपे.

कन्या- राशि के जातकों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है. कार्य क्षेत्र में आपके सहयोगी कामों में आपका पूरा साथ देंगे.

तुला- राशि के जातकों के लिए दिन सेहत के मामले में उतार चढ़ाव भरा रहने वाला है.

वृश्चिक- राशि के जातकों के लिए दिन खुशियों से सराबोर रहने वाला है. आप यदि नौकरी में बदलाव करने की योजना बना रहे थे, तो वह आप कर सकते हैं.

धनु- राशि के जातकों के लिए दिन मिश्रित रूप से फलदायी रहने वाला है .आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं.

मकर- राशि के जातकों को अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर सुलझाने की आवश्यकता है. आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा.

कुंभ- राशि के जातकों के लिए दिन मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है.

मीन- राशि के जातकों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है. आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से परिवार के सभी सदस्य व्यस्त रहेंगे.



# ठाणे निवासियों की कचरा समस्या

**ठाणे.** वागले एस्टेट क्षेत्र में ठाणे नगर निगम के कचरा स्थानांतरण केंद्र में रखे कचरे के ढेर में शुक्रवार को आग लग गई। इस घटना से शिंदे के समर्थक आक्रामक हो गए और उन्होंने नगर निगम को चेतावनी दी कि वे केंद्र में कोई भी वाहन न लाएं और यदि वे ऐसा करने का प्रयास करें तो उसे नष्ट कर दें। इसलिए रविवार को शहर में कोई घंटी वाली गाड़ी नहीं आई। परिणामस्वरूप, यह स्पष्ट हो गया कि कई क्षेत्रों में कचरा एकत्र नहीं किया जा रहा था।

ठाणे नगर निगम का वागले एस्टेट के सीपी झील क्षेत्र में एक अपशिष्ट स्थानांतरण केंद्र है । शहर के विभिन्न हिस्सों से एकत्रित कचरे को इस स्थान पर लाया जाता है और फिर उसकी छंटाई की जाती है। इसके बाद उसे दाईघर ले जाया जाता है। इसके बावजूद यहां कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। इस अपशिष्ट स्थानांतरण केंद्र के पास आवासीय क्षेत्र, बड़े आवास परिसर और औद्योगिक कंपनियां हैं। स्थानीय नागरिक कचरा स्थानांतरण केंद्र के कारण क्षेत्र में फैली बदबू और गंदगी से स्तब्ध हैं। नागरिक बार-बार इस कचरा स्थानांतरण केंद्र को हटाने की मांग कर रहे हैं। शिवसेना (शिंदे गुट) पदाधिकारी राम रेपाले ने भी पहले नगर पालिका से इस केंद्र को बंद करने की मांग की थी। इसके चलते नगर आयुक्त सौरभ राव ने कुछ महीने पहले इस क्षेत्र को कचरा मुक्त बनाने की घोषणा की थी। इसके लिए इलाके में वर्षों से जमा हुए कचरे को हटाने का काम शुरू हो गया है। हालाँकि, नगर पालिका अभी भी इस क्षेत्र को कचरा मुक्त नहीं बना पाई है। शुक्रवार को इस केंद्र के कूड़े के ढेर में भीषण आग लग गई। आग से उत्पन्न धुआँ पूरे क्षेत्र में फैल गया, जिससे आसपास के क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों और क्षेत्र में स्थित कंपनियों के कर्मचारियों को भारी असुविधा हुई।

मेट्रो CLASSIFIED बिजनेस

NP DR. NANDI PATH LAB
Committed to your Wellness
OUR SERVICES: • BLOOD TESTS • BIOCHEMISTRY • HEMATOLOGY • MICROBIOLOGY • SEROLOGY & MORE
DR. GAURAV NANDI MBBS, MD (Patho)
Ex. ASSTT PROFESSOR SMCW, PUNE
Mobile No.: 8767516249 | 7420869774
Near Nutan Saraswati School, Main Road, Kamptee, Nagpur

Sabri
Professional DJ & Live Audio Sound Service
:: Booking Show ::
Qawwali, Ghazal. Sugam Sangeet, Jagran, Orchestra, Sufi Night, Celebrity Show, Govt. Meeting, School & College Gatherings, Wedding, Party Shows, Event & All Festival Planings, Trust, Lights, LED Wall.
M. 9503066685
Kharbi Chowk, Nagpur.

AVANI SOLAR SYSTEM
GSTIN No. : 27AHYPY4738N1ZX
VANDANA ABHIJEET YADAV Proprietor
AU Avani Udyog
(MSEDCL Approved Vendor)
Office Address
Ground Floor, LSN 52/3, Ranala Railway Gate, Kamptee, Nagpur - 441 001
E-mail : avanisolarandagriproducts@gmail.com
Cell : +91 9665055266 | +91 8999396631
Sales Office : "G1", Bhavani Apartment, Near Lokvihar, Phase 3, Bhilgaon, Nagpur - 440 026.

Star Path LAB
8 AM to 9 PM
UPTO 50% Discount
पॅथॉलॉजी लॅब
हमारे यहां सभी प्रकार के ख़ून/ पेशाब/ मलमूत्र कि जॉच कम से कम दाम मे की जाती है। जैसे कि CBC, ब्लड शुगर, थायरॉयड, वात रोग, पीलिया, ब्लड कैंसर, TB (टी.बी), एलर्जी समेत समस्त प्रकार की जांच खून के द्वारा की जाती है।
(FREE/मुफ्त घर पहुंच सेवा उपलब्ध)
मो. 9372696143, 9370865828
बड़ा ताजबाग दरगाह रोड, नागपुर

इंग्लिश स्पीकिंग
E-PLANET SPEAKERS' ACADEMY
Talkative, Funny & Tricky
Morning / Evening BATCHES
अंग्रेज़ी बोलना सीखें बिना किताब और कलम से
हम भीड़ में दौड़ना नहीं जितना सिखाते है।
› STUDENTS › TEACHERS › HOUSEWIVES › JOB SEEKERS
NEW BATCHES | 5:00 PM TO 6:00 PM | 8:00 AM TO 9:00 AM
9960462058,7498325477
नया गोदाम, प्रबुध्द नगर, ईस्माइलपुरा, कामठी डॉ. (प्रा.) अभिषेक चिमणकर

ZOREN PROPERTY DEALERS
हमारे यहाँ खेती, फ्लॅट, डुप्लेक्स, घर, बंगलो, फार्म हाऊस, रिसॉर्ट खरेदी और बेचा जाता है
अफसर खान
M. 9371381114, 7038696893
सभी प्रकार के प्रॉपर्टी पेपर का काम किया जाता है

नसीब प्रिंटींग प्रेस
एस. सुधीर मो. 9372855880
डिजिटल बॅनर • विजिटिंग कार्ड
शादी कार्ड • रबर स्टॅम्प
बुक बाईडिंग • डीटीपी जॉब
रोटा प्रिंटींग • स्क्रीन प्रिंटींग
प्रांजल हॉस्पीटल व दुर्गा स्टॉरेन्ट के सामने, दुर्गा चौक, कामठी

ADMISSION OPEN
RKS PUBLIC SCHOOL
NURSERY to Std. IX
OUR FACILITY
Computer Lab • Cricket
Karate Class • Swimming Pool
Skating Class • Basket Ball
M. 8087955831 8956785080
Jaripatka Police Station Road, Nara, Nagpur

अंकित एंटरप्राइजेस
आनंद ठेकेदार : 7219847962
बिल्डिंग कॉन्ट्रैक्टर
हमारे यहां आरसीसी काम, बांधकाम काम, प्लास्टर, टाईल्स काम, पेंटिंग और पीओपी के सभी काम करके मिलेंगे।
"सकु आई मंजिल" नया गोदाम, कामठी

पाठकगणों को विनम्र सूचना : दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार में प्रकाशित होने वाले विविध विज्ञापनों की जांच-पड़ताल करने के बाद ही पाठकगण विज्ञापन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आर्थिक व्यवहार करें। प्रकाशित विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापन दाताओं द्वारा जो दावे पेश किए जाते है, उनकी दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र कोई गारंटी के साथ जवाबदेही नहीं देता। साथ ही विज्ञापन में किये गये दावों से दुष्परिणाम के लिए दैनिक नागपुर मेट्रो समाचार पत्र के मुद्रक, प्रकाशक, संपादक तथा मालिक जिम्मेदार नहीं होंगे। कृपया पाठकगण उपरोक्त संबंध में ध्यान दें।
विज्ञान हेतू संपर्क करें : सौमित्र नंदी, उपसंपादक
मोबाइल नं. 9604758944 , 9881272088

नमोश्री ऑनलाईन जॉब सेन्टर
विक्रीपत्र, बक्षिसपत्र, मृत्युलेख, हक्क सोडण्याचे लेख, प्रतिज्ञापत्र, हिबानामा, झोन दाखला, बँक प्रतिज्ञा लेख व ईडेलिटी बॅड, आखिव पत्रिका, 7/12, फेरफारपंजी, रजिस्ट्री डाटा इन्ट्री, झेरॉक्स, लेमिनेशन, कलर प्रिंट, वॉटसअप पिंट, आधार कार्ड डाउनलोड
उमेश्वर शामकुंवर
M.9326760744
तहसील व कार्ट के सामने, कामठी

## सुविचार

महानता कभी ना गिरने में नहीं है,
बल्कि हर बार गिरकर उठ जाने में है.

## संपादकीय

# पंचपति का रोग

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले से आई नवनिर्वाचित महिला पंचों की जगह उनके पतियों द्वारा शपथ ग्रहण किए जाने की खबर चिंताजनक इस मायने में भी है कि यह किसी तरह का आश्चर्य या विस्मय नहीं पैदा करती। आम तौर पर इसे इस रूप में लिया जा रहा है कि यह तो होता ही है। मामला खास इसलिए बना क्योंकि इसका विडियो वायरल हो गया। अगर विडियो वायरल न हुआ होता तो शायद ही यह घटना सुर्खियों में आती और किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई भी शायद ही होती। यह इस बात से भी स्पष्ट होता है कि 3 मार्च को कबीरधाम जिले के परसवारा गांव में हुए इस कार्यक्रम के दौरान किसी भी संबंधित व्यक्ति को इसमें कुछ भी गलत नहीं लगा।

किसी ने कुछ छुपाने की जरूरत नहीं महसूस की। धूमधाम से गुलाल लगाए माला पहने इन पंच पतियों को शपथ दिलाई गई। पूरे कार्यक्रम का न केवल विडियो बनाया गया बल्कि उसे सोशल मीडिया पर भी डाल दिया गया। वह तो जब विडियो वायरल हुआ और मीडिया की पूछताछ शुरू हो गई, तब स्पष्टीकरण लिए-दिए जाने लगे। अगर इस गांव की सामाजिक और शैक्षिक स्थिति पर गौर करें तो यह सब अस्वाभाविक भी नहीं लगता। 2011 की जनगणना के मुताबिक 320 परिवारों और 1545 की जनसंख्या वाले इस गांव में महिलाओं और पुरुषों का अनुपात प्रति हजार पर 936 है, जो राज्य के लिंगानुपात (969) के मुकाबले काफी कम है। साक्षरता दर जहां पुरुषों में 82.86% है वहीं महिलाओं में यह महज 51.19% है। 50% आरक्षण के प्रावधान की बदौलत पंचायतों में महिलाओं को नुमाइंदगी तो मिल रही है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में अभी पंचायत स्तर पर कुल 32.29 लाख निर्वाचित प्रतिनिधि हैं, जिनमें 15.03 लाख महिलाएं हैं। 46.6% के इस अनुपात को बुरा नहीं कहा जाएगा। लेकिन व्यवहार में पितृसत्ता का साया इसे निरर्थक बना देता है। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पंचायतों में महिलाओं की जगह उनके पति या अन्य रिश्तेदारों की भूमिका समाप्त करने के लिए समिति भी गठित की गई थी। इस समिति की पिछले महीने आई रिपोर्ट में ऐसे मामलों में भारी जुर्माना लगाने की सिफारिश की गई। लेकिन यह मामला जटिल और संवेदनशील है। कड़ी सजा पर जोर का उलटा असर हो सकता है। विडियो वायरल होने की वजह से परसवारा भले सुर्खियों में आ गया हो, यह ऐसा इकलौता गांव नहीं है। अन्य इलाकों से भी इस तरह की खबरें जब-तब सामने आती रहती हैं। ऐसे में कड़ी से कड़ी सजा के बजाय जागरूकता फैलाने पर जोर होना चाहिए। पंचायतों के कामकाज में महिलाओं की भागीदारी और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने में प्रशासन की रचनात्मक भूमिका महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

## व्यंग्य-विनोद

राकेश अचल

# कुर्सी जनम-जनम की चेरी

फर्नीचर में एक कुर्सी ही ऐसी है जिसे लेकर हमारा समाज बेहद संवेदनशील रहा है ,पहले ये रूतबा तख्त को भी हासिल था लेकिन वक्त गुजरा साथ ही तख्त के तलबगार कम हो गए ,अब मारामारी कुर्सी को लेकर है.मारामारी इतनी है की अब प्रतीक्षा सूची में भी आपका नाम आ जाये तो आप अपने आपको खुशनसीबों की सूची में शामिल मान सकते हैं .ऊपर वाले ने कुर्सी को वो तौफीक दी है की हर कोई उसका मुरीद है.

कुर्सी में नियंत्रण की ताकत छिपी है इसलिए हर कोई कुर्सी पर काबिज होना चाहता है. सियासत वाले तो कुर्सी के लिए मरने-मारने पर आमादा नजर आते हैं . कई तो ऐसे हैं जो कुर्सी मिलने तक अपने हाथ में कंकन तक नहीं बंधवाते ,और जब कुर्सी मिल जाती है तो उसी के होकर रह जाते हैं ,अजीब शै है ये कुर्सी हाल ही में हमारे माहुल बाबा से किसी ने कुर्सी के बारे में एक सवाल कर लिया ,माहुल बाबा एकदम सीधे-सादे इंसान हैं, निश्छलता से बोले जी! कुर्सी तो अपनी जनम-जनम की चेरी है,जब बहुमत मिलेगा तो कुर्सी हमें छोड़कर आखिर जाएगी कहाँ?

पीढ़ियों से ये कुर्सी हमारी सेवा कर रही है और हम इसके मार्फत देश की सेवा कर रहे हैं.यानी हम तो जनम-जनम से सेवाधारी हैं. माहुल बाबा का कुर्सी मोह देखकर बड़ी मुश्किल से चाय बेचते-बेचते कुर्सी तक पहुंचे महेंद्र बाबा भड़क गए.

बोले-" अजीब उजबक है, अहंकारी है जो कुर्सी के लिए ठीक वैसे ही सबसे आगे अपनी बाल्टी रख देता है जैसा जलसंकट से ग्रस्त इलाकों में लोग नल के सामने अपनी बाल्टी रखते हैं. कुर्सी के मामले में अपनी दिलचस्पी न के बराबर है,अपने राम तो दरी-चटाई वाले आदमी है ,चाहे जहां बिछाओ और चाहे जब लपेट लो,कोई अनकट नहीं,कोई पर्तिस्पर्धा नहीं ,सो जब माउल और महेंद्र के बीच कुर्सी को लेकर तनातनी देखी तो सौरों की तरह अपने कान भी खड़े हो गए.

कान तभी खड़े होते हैं जब उनमें तेल न पड़ा हो.कानों में तेल डालकर बैठने वाले जागरूक नागरिक नहीं माने जाते.अगर आप कानों में तेल डालकर बैठेंगे तो आपको नीरो की बाँसुरी के सुर भी नहीं सुनाई देंगे. बहरहाल बात कुर्सी की थी,नीरो की नहीं ,नीरो को जो करना है सो वो कर रहा है, उसे कोई रोकने वाला नहीं हैं,रोक भी नहीं सकता और कोई रोके भी तो उसे रुकना नहीं है , उसके बड़े-बड़े सपने हैं ,और सपने देखने पर देश-दुनिया में कोई पाबंदी नहीं है , लेकिन सपने देखने पर उज्र करना किसी भी सभ्य समाज में उचित नहीं माना जाता.

## पवित्र महीना 'माहे रमज़ान' विशेष

# ज्ञान का मुख्य स्रोत और उसका भंडार है पवित्र कुरआन


## इसे समझने के लिए तर्जुमा यानी अनुवाद के साथ पढ़ा जाना चाहिए

डॉ.एम.ए.रशीद, नागपुर



पवित्र कुरआन अरबी भाषा में है। अरबी भाषा की विशेषताओं का संक्षेप में उल्लेख इस प्रकार से बताया जा सकता है कि यह भाषा इतनी प्राचीन है कि आज इससे अधिक प्राचीन कोई भाषा अस्तित्व में नहीं है। यह भाषा इतनी मज़बूत है कि वह हज़ारों वर्षों से स्थापित है और बहुत सरल भी है, क्योंकि इसमें बहुत कम नियम हैं। यह बहुत व्यवस्थित भाषा है क्योंकि इसमें शब्दावली और अभिव्यक्ति की सुसंगत प्रणालियां पाई जाती हैं। इस भाषा के बहुत अधिक सुरक्षित होने के कारण अल्लाह ने अपने ग्रंथ पवित्र कुरआन को इसी भाषा में सुरक्षित और संजोकर रखा है।

बुनियादी तौर पर हर किसी को एक भाषा अवश्य आना चाहिए। जिसमें उसकी मातृभाषा की बड़ी अहमियत होती है। मातृभाषा के माध्यम से ही विभिन्न प्रकार के ज्ञानों को से सीखा जा सकता है। यहां तक कि अन्य भाषाएं भी मातृभाषा की सहायता से सीखी जा सकती हैं। मातृभाषा के अतिरिक्त कोई अन्य भाषा का सीखना आवश्यक्ता की पूर्ति के लिए होता है। आवश्यकता महत्व से उत्पन्न होती है। ज्ञान का मुख्य स्रोत और उसका भंडार पवित्र कुरआन ही है। पवित्र कुरआन में वर्णित निर्देशों के अनुसार जीवन जीने से इस दुनिया और उसके बाद की दुनिया यानी आख़िरत (लोक और परलोक) में सफलता प्राप्त हो सकती है। हमारे महत्व का स्वरूप यही है।



इसलिए पवित्र कुरआन को सीखने और उसको समझनें के लिए बुनियादी अरबी का ज्ञान प्राप्त करना बहुत आवश्यक है। उस पर अध्ययन मनन करने से उसके अंदर के रहस्यमय गुणों से हम परिचित हो जाते हैं। पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम के आदर्श साथी वाक्पटुता में माहिर होने और उनकी अपनी मूल भाषा अरबी होने के बावजूद वे पवित्र कुरआन को समझने के लिए पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम की सदन में उपस्थित होते थे। चूंकि वे पवित्र कुरआन की बहुत-सी बातें स्वयं नहीं समझ पाते थे इसलिए वे प्यारे नबी हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम से प्रश्न पूछते थे। वर्तमान समय में अनेक विद्वानों ने पवित्र कुरआन की विभिन्न भाषाओं में व्याख्याएं की हैं जिनके अध्ययन से उसे समझना हर एक के लिए आसान हो गया है। पवित्र कुरआन अल्लाह की रस्सी है, सच्चे अर्थों में इसे दृढ़ता पूर्वक और मज़बूती से पकड़ लेने और थामने वाला कभी असफल नहीं होता, सफलता उसके कदम चूमती है और सम्मान, इज्ज़त सफलता उसका भाग्य बन जाती है। अल्लाह के दूत हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहि वसल्लम ने कहा कि वास्तव में पवित्र कुरआन का एक सिरा अल्लाह के पास है और दूसरा आपके पास है, इसे दृढ़ता से थामे रहो तो न कभी नष्ट होगे, न भटक सकोगे।

पवित्र कुरआन वास्तविक ज्ञान का भंडार है। इसमें वर्णित बातें अपने मूल अर्थ के अनुरूप बहुत से वैज्ञानिक ज्ञान को अपने आंचल में समोए हुए है। इस संबंध में हज़रत अब्दुल्लाह बिन मसऊद रज़ि कहते हैं कि जो ज्ञान प्राप्त करना का इच्छुक हो उसे चाहिए पवित्र कुरआन में अत्यधिक विचार मंथन करे क्योंकि कुरआन में अगले और पिछलों का ज्ञान उपलब्ध है। पवित्र कुरआन को अनुवाद के साथ या बिना अनुवाद के पढ़ना दोनों ही मामलों में एक बड़ा इनाम है। यदि कोई व्यक्ति अनुवाद को नहीं समझता, लेकिन अगर वह पवित्र कुरआन का अर्थ सोचे बिना केवल पढ़ता है तो इसका भी बड़ा सवाब है। लेकिन पवित्र कुरआन को अनुवाद के साथ पढ़ना बहुत मायने रखता है। पवित्र कुरआन अरबी भाषा में अवतरित हुआ, इसके हर शब्द के पढ़ने पर हदीसों में दस नेकियों का वादा किया गया है।



फिर यदि कोई व्यक्ति अरबी शब्दों के साथ पवित्र कुरआन का अनुवाद पढ़ता है या उसके अर्थों पर विचार और चिंतन मंथन करता है तो उसे पवित्र कुरआन के अर्थ को समझने का इनाम निश्चित रूप से मिलेगा। शब्दों को समझकर पढ़ने या उनका अनुवाद करने के साथ पढ़ने या उस पर मनन करने से सवाब और भी बढ़ जाता है। बिना समझे पवित्र कुरआन की तिलावत को पुण्य का काम नहीं समझा जाना चाहिए। इसलिए अगर कोई पवित्र कुरआन को समझना चाहता है तो उसके लिए उसे किसी प्रामाणिक धार्मिक विद्वान की देखरेख में उनकी सेवाएं ज़रूर लेनी चाहिए। अपनी अध्ययन शक्ति पर भरोसा न करना चाहिए। पवित्र माहे मुबारक रमज़ानुल मुबारक में कुरआन खत्म करने का बहुत अच्छा रिवाज है, इस रिवाज की हौसला अफ़ज़ाई होना चाहिए। अपने तमाम जानने वालों को इसकी तरफ़ तवज्जो दिलाना चाहिए। अलबत्ता हमारा प्रयास और उद्देश्य होना चाहिए कि सिर्फ पवित्र कुरआन को समाप्त करने के बजाए तर्जुमा के साथ उसे ख़त्म करने का अज़्म करें।

एक-एक आयत पढ़ते जाएं साथ ही उसका तर्जुमा, अनुवाद भी पढ़ते जाएं। यक़ीन करें, तर्जुमा पढ़ने में ज़्यादा वक़्त नहीं लगेगा मगर फ़ायदा कई हज़ार गुना हो बढ़ जाएगा। यह ध्यान देने योग्य बात है कि तर्जुमे के बगैर कुरआन ख़त्म करने और तर्जुमे के साथ कुरआन ख़त्म करने में फ़ायदे के लिहाज़ से हज़ारों गुना का फ़र्क होता है। अगर आप रोज़ाना एक घंटा तिलावत के लिए निश्चित करते रहे हैं तो अब दो घंटा ख़ास कर दें और फिर इसका असर देखें। अगर मात्र दोगुना ज्यादा वक़्त लगाने से फ़ायदा बहुत ज़्यादा बढ़ जाए तो इस अज़ीम और महान फ़ायदे से महरूमी का रास्ता क्यों इख़्तियार किया जाए।

तर्जुमे को लेकर कुछ लोग सोचते हैं कि साल भर तर्जुमे के साथ कुरआन पढ़ते रहें और रमजानुल मुबारक में बिना तर्जुमे के कई बार कुरआन ख़त्म कर दें। उनकी यह सोच दुरुस्त नहीं है। पवित्र कुरआन तर्जुमे के साथ समझ कर पढ़ने के लिए सबसे मुनासिब मौक़ा यही रमजानुल मुबारक का महीना है अगर यह मौक़ा हाथ से निकल गया तो यह बड़े घाटे की बात होगी। पवित्र कुरआन का सबसे बड़ा हक़ उसे समझना है, तिलावत समझने का ज़रिया है। अगर रमज़ानुल मुबारक में यह हक़ अदा नहीं हुआ तो अच्छी बात नहीं है। हमें इन बातों की नियत और दृढ़ संकल्प, फ़ैसला करना चाहिए, अल्लाह तआला इस दौरान वक़्त में ज़रूर बरकत देगा और अल्लाह की मदद से यह काम बड़ी आसानी से पूरा हो सकेगा।

# महाकुंभ आस्था का विषय है ना की सांप्रदायिक वैमनस्य का

कुंभ मेला विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन माना जाता है, जिसकी विराटता कई पहलुओं में दिखाई देती है। कुंभ मेले में करोड़ों श्रद्धालु एकत्रित होते हैं, जिसमें साधु-संत, नागा बाबा, श्रद्धालु, पर्यटक और विदेशी मेहमान शामिल होते हैं। यह मानवता के सबसे बड़े मेलों में से एक है।हर 6 वर्ष में अर्धकुंभ (प्रयागराज और हरिद्वार में) होता है। हर 144 वर्ष में एक बार महाकुंभ (केवल प्रयागराज में) आयोजित किया जाता है, जिसे सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है।हर 12 वर्ष में एक पूर्ण कुंभ आयोजित होता है जो चार प्रमुख तीर्थ स्थलों- प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में आयोजित किया जाता है। प्रत्येक स्थान पर इसकी अपनी विशिष्टता होती है। महाकुंभ का इतिहास प्राचीन ग्रंथों, धार्मिक मान्यताओं और ऐतिहासिक घटनाओं से जुड़ा हुआ है। यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिकता का प्रतीक भी है।महाकुंभ मेले की उत्पत्ति की कथा हिंदू धर्म के प्रमुख ग्रंथों में वर्णित समुद्र मंथन से जुड़ी है। जब देवताओं और असुरों ने अमृत कलश (कुंभ) प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन किया, तो विष्णु भगवान ने मोहिनी रूप धारण कर अमृत को देवताओं में बांटना शुरू किया। इस दौरान, अमृत की कुछ बूंदें पृथ्वी पर चार स्थानों क्रमशः प्रयागराज (गंगा-यमुना-सरस्वती संगम), हरिद्वार (गंगा नदी के तट पर), उज्जैन (क्षिप्रा नदी के तट पर), नासिक (गोदावरी नदी के तट पर)पर गिरीं। इन स्थानों पर अमृत की उपस्थिति के कारण इन्हें पवित्र माना गया और कुंभ मेले की परंपरा आरंभ हुई। इस आयोजन का उल्लेख कई महत्वपूर्ण प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है महाभारत (भीष्म पर्व) में उल्लेख मिलता है कि प्रयागराज में कुंभ के समय स्नान और दान का विशेष महत्व था।पद्म पुराण और स्कंद पुराण में कुंभ स्नान के महत्व की चर्चा की गई है। ह्वेनसांग (चीनी यात्री) ने अपने यात्रा वृत्तांत में प्रयागराज में एक भव्य धार्मिक आयोजन का उल्लेख किया, जिसे कुंभ से जोड़ा जाता है।इसी क्रम में ऐतिहासिक प्रमाण भी इस विराट आयोजन की और संकेत करते हैं 8वीं शताब्दी में आदि शंकराचार्य ने कुंभ को वैदिक और सनातन परंपरा से जोड़कर उसे एक भव्य स्वरूप दिया। उन्होंने चारों धामों की यात्रा और कुंभ स्नान को पुनर्जीवित किया। मुगल काल (16वीं-17वीं शताब्दी) में प्रयागराज कुंभ का उल्लेख मिलता है, जब अकबर ने इस स्थल को "इलाहाबाद" नाम दिया और वहां किले का निर्माण कराया। ब्रिटिश काल (19वीं सदी) में कुंभ मेले की जनसंख्या और प्रभाव इतना बढ़ गया कि अंग्रेज प्रशासन को इसकी व्यवस्था के लिए विशेष प्रबंध करने पड़े।स्वतंत्रता के बाद कुंभ मेले की लोकप्रियता और बढ़ी।1989 के प्रयागराज कुंभ में पहली बार इसे एक अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली।2019 के प्रयागराज कुंभ को यूनेस्को ने "अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर" का दर्जा दिया। इस क्रम में महाकुंभ 2025 की भव्यता कई आयामों में प्रकट होती है, जो इसे एक अद्वितीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन बनाती है। महाकुंभ का आकर्षण राष्ट्रीय सीमाओं को पार कर चुका है, जिसमें दक्षिण कोरिया, जापान, स्पेन, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे देशों से श्रद्धालु और पर्यटक शामिल हुए हैं। विदेशी आगंतुकों ने न केवल इस आयोजन को देखा, बल्कि अनुष्ठानों में सक्रिय रूप से भाग भी लिया, जिससे इसकी वैश्विक प्रतिष्ठा और बढ़ी है। महाकुंभ 2025 की विशेषताएँ इसकी भव्यता और दिव्यता को दर्शाती हैं, जो इसे विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक आयोजनों में से एक बनाती हैं।इतने बड़े आयोजन के सुचारू संचालन के लिए सावधानीपूर्वक तैयारी, असाधारण काम और कई सरकारी एजेंसियों, स्थानीय अधिकारियों और स्वयंसेवकों के बीच समन्वय ज़रूरी है। सरकार ने सार्वजनिक सुविधाओं के साथ टेंट सिटी बनाने से लेकर सुरक्षा बनाए रखने और रसद संभालने तक हर चीज़ में उल्लेखनीय संगठनात्मक कौशल दिखाया है। चीज़ों को परिप्रेक्ष्य में रखें तो, महाकुंभ के भाँति ही हज यात्रा का आयोजन भी हर वर्ष किया जाता है जिसमे सम्पूर्ण विश्व के मुसलमान सऊदी अरब के मक्का शहर में एकत्रित होते है और लगभग 40 लाख मुसलमान इसमें शामिल होते हैं, एक मुश्किल काम है। इसी क्रम में रियो कार्निवल ब्राजील के रियो डी जेनेरियो शहर में आयोजित होने वाला विश्व प्रसिद्ध उत्सव है, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में जाना जाता है।रियो कार्निवल में हर साल बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। उदाहरण के लिए, 2023 में, लगभग 4 करोड़ लोगों के इसमें शामिल होने का अनुमान था। इन सबकी तुलना में महाकुंभ में इतनी बड़ी भीड़ की देखरेख करने की कल्पना करें जो इनसे कई गुना ज़्यादा हो। आयोजन का सुचारू संचालन और अपेक्षित विजयी समापन, विश्व मंच पर भारत की संभावित नेतृत्व स्थिति को दर्शाता है, जो न केवल हिंदुओं के लिए बल्कि सभी भारतीयों के लिए गर्व की बात है। महाकुंभ समुदाय, संस्कृति और धर्म का सम्मान करने वाला उत्सव है। यह विभाजनकारी चर्चा या राजनीतिक एजेंडे के लिए मंच नहीं है। भारतीय नागरिकों के रूप में, हमें इस आयोजन के दोषरहित निष्पादन पर गर्व होना चाहिए, जो भारत की प्रशासनिक और सांस्कृतिक शक्ति को दर्शाता है। बेबुनियाद अफवाहों और ध्रुवीकरण करने वाले प्रचार के आगे झुकने के बजाय, आइए हम महाकुंभ के वास्तविक अर्थ पर ध्यान केंद्रित करें, जो आध्यात्मिकता और पारस्परिक संबंधों का उत्सव है। यह एकजुटता, आत्मनिरीक्षण और हमारे साझा इतिहास पर गर्व करने का अवसर है। आइए हम सुनिश्चित करें कि इस आयोजन की पवित्रता बरकरार रहे और यह दुनिया भर के लोगों में आश्चर्य और विस्मय पैदा करता रहे। भारत ने एक बार फिर दिखाया है कि उसके पास इतनी बड़ी भीड़ को संभालने के लिए संगठनात्मक कौशल और नेतृत्व के गुण हैं। एक सुसंगत राष्ट्र के रूप में, आइए हम इस अद्भुत उपलब्धि का जश्न मनाते हुए शांति और एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना को बनाए रखें जो हमारे बहुसांस्कृतिक देश की विशेषता है।

प्रो बंदिनी कुमारी, लेखिका समाज शास्त्र की प्रोफेसर हैं और उत्तर प्रदेश के डिग्री कॉलेज में कार्यकर्ता हैं

रेशम फातिमा, अंतर्राष्ट्रीय संबंध में मास्टर, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

# वक्फ पर्यवेक्षण को मजबूत करना: सख्त संशोधन की आवश्यकता

*वक्फ एक इस्लामी बंदोबस्ती है जिसमें कोई व्यक्ति धार्मिक, धर्मार्थ या सामाजिक अच्छे उद्देश्यों के लिए चल और अचल संपत्ति दान करता है। भारत में वक्फ ने धार्मिक विरासत को संरक्षित करने और बेहतर से बेहतर सेवाएं प्रदान करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। जैसा कि पहले भी देखा गया है, वक्फ प्रणाली का व्यापक रूप से मस्जिदों, मदरसों और धर्मार्थ कार्यों के लिए उपयोग किया जाता था। हालांकि, ब्रिटिश शासन के बाद, जिसने वक्फ संपत्तियों की पारंपरिक निगरानी को बाधित कर दिया, कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और अवैध कब्जे के मामले बढ़ गए। भारत में वक्फ संपत्तियों के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही में सुधार के लिए कई संशोधन किए गए हैं। महत्वपूर्ण कानूनों में वक्फ अधिनियम 1954, वक्फ अधिनियम 1995 शामिल है, जिसने 1954 के अधिनियम की जगह ली और सख्त नियम बनाए, और वक्फ की निगरानी को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए 2013 में किए गए संशोधन, जिसमें कुछ प्रावधान शामिल किए गए, जिससे वक्फ संपत्तियों का सर्वेक्षण करना आवश्यक हो गया, वक्फ बोर्ड की शक्तियों में वृद्धि हुई और कुप्रबंधन के लिए कठोर दंड लगाया गया। वर्तमान चर्चाएं 2025 में प्रस्तावित संशोधनों के इर्द-गिर्द घूम रही हैं, जिसमें वक्फ दावों के लिए स्वामित्व दस्तावेजों की आवश्यकता, जिला मजिस्ट्रेट द्वारा पर्यवेक्षण में वृद्धि और वक्फ परिसंपत्तियों की अनिवार्य ऑनलाइन घोषणा शामिल है। इस निधि का मुख्य उद्देश्य लोगों को लाभ पहुंचाना है। ऐतिहासिक रूप से, धर्मार्थ संस्थाओं ने सामाजिक भलाई, विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और गरीबी उन्मूलन में प्रमुख भूमिका निभाई है। दान का उद्देश्य तीन स्तरों में विभाजित है: धार्मिक दान, धर्मार्थ दान और घरेलू दान (बच्चों के लिए दान)। दान का सार लोगों की भलाई में गहराई से निहित है। भारत में वास्तविकता अक्सर अलग होती है।कमजोर निगरानी, कानूनी खामियों और भ्रष्टाचार के कारण वक्फ संपत्तियों का कुप्रबंधन बड़े पैमाने पर हो रहा है, जिसमें अवैध जब्ती और निजी उद्देश्यों के लिए बिक्री भी शामिल है। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) द्वारा प्रस्तावित संशोधनों ने स्पष्ट रूप से भारत में वक्फ संपत्तियों में व्याप्त भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन की ओर इशारा किया। पिछले कुछ सालों में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें वक्फ संपत्तियों को गलत तरीके से हस्तांतरित, बेचा या उनका दुरुपयोग किया गया है। इन परिस्थितियों को देखते हुए, संशोधनों का उद्देश्य सरकार की निगरानी को बढ़ाना है, जो प्रस्तावित संशोधनों के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट या उच्च रैंकिंग वाले अधिकारियों को अब वक्फ संपत्तियों से संबंधित मामलों की जांच करने की शक्ति देता है।*

*यह सुनिश्चित करने के लिए है कि सरकारी संपत्तियों का गलत वर्गीकरण न हो। यह बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि पिछले मामलों से पता चला है कि कैसे सरकारी भूमि को अक्सर गलत दावों के कारण वक्फ के स्वामित्व में गलत तरीके से जोड़ा जाता था। संशोधनों का उद्देश्य डिजिटल रिकॉर्ड के माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित करना भी है। वक्फ संपत्तियों को अगले छह महीनों के भीतर ऑनलाइन पंजीकृत किया जाना चाहिए, जिससे सरकारी अधिकारियों के लिए उनके मालिकों का जल्दी से पता लगाना और अवैध बिक्री को रोकना आसान हो जाएगा। भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए डिजिटल हस्तक्षेप जरूरी है। संशोधनों का उद्देश्य वक्फ दान की आध्यात्मिकता की रक्षा करना है, यह सुनिश्चित करते हुए कि वक्फ को जमीन दान करने के लिए, उन्हें अब यह दिखाना होगा कि वे कम से कम पांच साल से इस्लाम का पालन कर रहे हैं और यह साबित करना होगा कि उनका दान जबरदस्ती से मुक्त है, जिससे जबरन और धोखाधड़ी वाले दान को रोका जा सकेगा। यद्यपि ये संशोधन महत्वपूर्ण प्रशासनिक मुद्दों को संबोधित करेंगे, परन्तु बंदोबस्ती सुधारों की सफलता उनके उचित कार्यान्वयन पर निर्भर करेगी। वर्तमान समस्याओं में कब्जा,अवैध बिक्री और अवैध डंपिंग शामिल हैं। कानूनी सुरक्षा उपायों के बावजूद, हजारों वक्फ संपत्तियों को अवैध रूप से जब्त या बेच दिया गया है। इन संपत्तियों को पुनः प्राप्त करने के लिए नये संशोधनों को सख्ती से लागू किया जाएगा। कई वक्फ बोर्ड राजनीतिक हितों से प्रभावित होते हैं, जिसके कारण एकतरफा निर्णय लेने और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। एक अधिक स्वतंत्र एवं पारदर्शी नियामक प्रणाली की आवश्यकता है।*

*इसके अलावा, वक्फ के कई ऐसे लाभ हैं, जो गरीब मुसलमानों को मिलते हैं, जो अपने अधिकारों के बारे में नहीं जानते। एक सूचना अभियान और कानूनी सहायता कार्यक्रम शुरू किया जाना चाहिए, ताकि वे अपने अधिकारों का लाभ उठा सकें। प्रस्तावित संशोधनों में से एक बंदोबस्ती-उपयोगकर्ता खंड में संशोधन करना चाहता है। ऐतिहासिक रूप से धार्मिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल की गई संपत्तियों को बंदोबस्ती माना जाना चाहिए, भले ही उनका औपचारिक रूप से दस्तावेजीकरण न किया गया हो। हालांकि धोखाधड़ी के दावे को लेकर चिंताएं हैं। यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि,जबकि अनेक वक्फ संपत्तियां, विशेषकर मस्जिदें, कब्रिस्तान और दरगाहें, अपने ऐतिहासिक कारणों से, बिना किसी सरकारी दस्तावेज के सदियों से अस्तित्व में हैं, वहीं अनेक संपत्तियां ऐसी भी हैं जिन्हें मौखिक रूप से या समुदाय के उपयोग के लिए दान कर दिया गया था।इन संपत्ति दस्तावेजों को आवश्यक बनाने से इन सभी मामलों में धार्मिक संस्थाओं को उनकी बंदोबस्ती की स्थिति से वंचित कर दिया जाएगा। यहां सत्यापन प्रक्रियाओं के लिए अधिक संतुलित दृष्टिकोण अपनाना महत्वपूर्ण है.*


# हृदय स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम दवा

> कैप. हृदय कवच, कैप. कार्डिओ अमृत, को-एच और क्लीन हार्ट सिरप

यह सभी हृदय रोगों से बचाव के लिए प्रभावी दवाएं हैं। आयुर्वेद एक शाश्वत चिकित्सा शास्त्र है। जिसमें शरीर के संपूर्ण स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा गया है। इसकी चिकित्सा औषधी अत्यंत विशुद्ध अमृततुल्य होती है। जो दुष्परिणाम विरहित होकर चिकित्सा अपुनर्भव होती है अर्थात रोगों को समूल नष्ट कर देती हैं। इन उत्पादों के माध्यम से हृदय रोगों का प्रबंधन और उपचार संभव है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। आजकल की भागदौड़ की जिंदगी में असमय, अशास्त्रीय तरीके से खाना पिना, रात्रि जागरण मानसिक एवं शारीरिक तनाव, आधुनिक जीवन शैली इत्यादि के कारण ऑक्युपेशनल डिसऑर्डर अर्थात जिवनशैली से अथवा काम में संबंधित विकार होने शुरु हो गये है। उसमें हाई बि.पी, शुगर के साथ हृदय विकार भी आमतौर पर देखे जा रहे हैं। आजकल स्त्री हो या






पुरुष 18 साल के ऊपर की उम्र के किसी भी व्यक्ती को हृदय रोग होते हुए देखे जा रहे हैं। उसका कारण आजकल की अशास्त्रीय आधुनिक जीवन शैली के अलावा कोविड-19 पैन्डेमिक भी माना जा रहा है। टॅबलेट डॉ कोलो एच और क्लीन हार्ट सिरप अत्यंत प्रभावी औषधी पायी गयी है। उपर्युक्त वर्णित हृदय रोग चाहे वह किसी भी आयु की व्यक्ति का हो उपर्युक्त वर्णित औषधियों से समूल संपूर्ण, नष्ट हो जाता है। इसके साथ स्वस्थ व्यक्ती भी अपने हृदय को स्वस्थ रखने, बीपी कोलेस्ट्रॉल को नॉर्मल रखने के हेतु से उपर्युक्त वर्णित औषधि अनुभवी वैद्यों की सलाह एवं परामर्श से सेवन कर सकते है। शिव शंकर 'आयुर्वेद एजेंसी' द्वारा निर्मित कैप-हृदय कवच और कैप-कार्डियो अमृत जैसे उत्पाद, हृदय रोगों के प्रबंधन और उपचार के लिए उत्कृष्ट विकल्प हैं। ये औषधियां न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार करती हैं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता को भी बढ़ाती हैं। योग कॉम्प्लेक्स, सिताबर्डी, टेम्पल बाजार रोड, महाजन मार्केट, नागपुर, आयुर्वेदिक दवाओं और उपचारों के साथ अधिक जानकारी और परामर्श के लिए, आप शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक और शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी से अथवा इस 9112079000 / 8605245080 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी


# एक नाव

एक लड़के के माता पिता सेन्ट माइकिल द आर्कऐन्जिल2 के बहुत बड़े भक्त थे। उनका कोई साल ऐसा नहीं जाता था जब वे उसकी दावत का दिन नहीं मनाते थे।कुछ दिनों बाद उस लड़के के पिता मर गये। पर उसकी माँ के पास जितना भी कम पैसा था उसी से वह सेन्ट माइकिल का दिन हर साल मनाती रही।और फिर एक साल ऐसा भी आया जब उसके पास एक पैनी भी नहीं थी और न ही उसके पास कुछ बेचने के लिये ही था जिसको बेच कर सेन्ट माइकिल की दावत का दिन मनाने के लिये वह कुछ पैसा इकट्ठा कर लेती सो वह अपने बच्चे को बेचने के लिये राजा के पास ले गयी। मैजेस्टी क्या आप मेरा यह छोटा सा बच्चा खरीदेंगे? मैं इसके लिये आपसे केवल 12 क्राउन माग रही हू और या फिर जो कुछ आप देना चाहें। यह मैं सेन्ट माइकिल का दिन मनाने के लिये माँग रही हू।राजा ने उसको 100 सोने के सिक्के दिये और उसके बेटे को अपने पास रख लिया।उस स्त्री के जाने के बाद वह सोचने लगा "इस बेचारी स्त्री को देखो इसने सेन्ट माइकिल का त्यौहार मनाने के लिये अपने बेटे को बेच दिया और एक मैं राजा हूँ और फिर भी मैं उसका त्यौहार नहीं मनाता। सो उसने एक चैपल5 बनवाया, सेन्ट माइकिल की एक मूर्ति खरीदी और फिर उसका दिन धूमधाम से मनाया। पर जब त्यौहार खत्म हो गया तो उसने उसकी मूर्ति को एक कपड़े से ढक दिया और उसके बारे में फिर कभी सोचा भी नहीं। उस छोटे लड़के का नाम पैपी था। वह राजा के महल में ही रह कर पलता रहा और राजा की बेटी के साथ खेल खेल कर बड़ा होता रहा।राजा की बेटी भी उतनी ही बड़ी थी जितना बड़ा पैपी था। वे दोनों हमेशा साथ साथ रहते और साथ साथ खेलते। जब वे बड़े हो गये तो उनकी दोस्ती प्यार में बदल गयी।राजा की काउन्सिल ने इसे देखा तो राजा को बताया"मैजेस्टी, यह सब क्या हो रहा है? आप अपनी बेटी की शादी उस गरीब लड़के से तो करने से रहे। राजा बोला "तब मैं क्या करू? क्या मैं उसे कहीं भेज दू? काउन्सिल के लोगों ने कहा अगर आप हमारी सलाह मानें तो उसको अपनी सबसे पुरानी नाव में व्यापार करने के लिये भेज दें और उसके कैप्टेन को यह हुकुम दे दें कि वह उस नाव को खुले समुद्र में पहुँच कर डुबो दे। इससे वह भी वहीं कहीं डूब जायेगा और आपकी परेशानी भी हमेशा के लिये खत्म हो जायेगी।

नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, सोमवार, 10 मार्च 2025



# पडोली गांव के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध: विधायक मुनगंटीवार

> पडोली चौक पर ट्रैफिक सिग्नल का उद्घाटन.

> पडोली चौक को छत्रपति संभाजी महाराज चौक नाम दिया





**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

पडोली गांव के विकास के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई गई है, जिसमें जलापूर्ति योजना, सीमेंट सड़कें और एक पुस्तकालय का निर्माण शामिल है। मैं आने वाले समय में इस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं, ऐसा आश्वासन राज्य के पूर्व वन, सांस्कृतिक मामले और मत्स्य पालन मंत्री, विधायक सुधीर मुनगंटीवार द्वारा दिया गया।

पडोली चौक पर ट्रैफिक सिग्नल का उद्घाटन विधायक मुनगंटीवार ने किया। वह उस समय बोल रहे थे। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष राहुल पावड़े, नामदेव दाहुले, पडोली सरपंच विक्की लाडसे, पूर्व सैनिक मनोज ठेंगणे, अनिल डोंगरे, रंजीत दवारे, सूरज पेद्दुलवार, प्रज्वलंत कडू, शोभाताई पिदुरकर, अनुताई ठेंगणे सहित बड़ी संख्या में पडोली के नागरिक उपस्थित थे।

विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि, मैं "सत्ता में रहूं या न रहूं, मैंने हमेशा लोगों के कल्याण के लिए लड़ाई लड़ी है। जब भी लोगों ने कोई मांग की है, मैंने आज तक संसदीय साधनों का उपयोग करके और यदि आवश्यक हुआ तो विरोध प्रदर्शन करके उस मांग को पूरा करने का काम किया है।"

पड़ोली चौक के उद्घाटन के अवसर पर विधायक मुनगंटीवार ने पुरानी यादें ताजा कीं और इस चौक पर ओबीसी भाइयों के अधिकारों के लिए विरोध प्रदर्शन और चक्का जाम आंदोलन के माध्यम से कई मुद्दों का समाधान हुआ। विशेष रूप से पूर्व सैनिक मनोज ठेंगणे ने इस चौराहे पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं, बढ़ते यातायात और भारी यातायात की समस्या के समाधान के लिए ट्रैफिक सिग्नल लगाने के लिए भूख हड़ताल की थी। उनकी मांग पर गौर करते हुए विधायक मुनगंटीवार ने व्यक्तिगत रूप से अनशन स्थल का दौरा किया तथा इस चौक और यातायात सिग्नल के सौंदर्यीकरण के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई, जबकि वे इस निर्वाचन क्षेत्र के विधायक नहीं हैं।

पडोली गांव के विकास के लिए जलापूर्ति योजनाएं, सीमेंट सड़कें, बोरवेल आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं पहले ही उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। रेलवे विभाग द्वारा तोड़े जा रहे मकानों का मुद्दा सुलझ गया है। पडोली में 1 करोड़ 47 लाख रुपए की लागत से लाइब्रेरी बनाई जा रही है। मैं व्यक्तिगत रूप से इस गांव की समस्याओं के समाधान पर ध्यान केंद्रित करूंगा। विधायक मुनगंटीवार का मानना है कि चंद्रपुर शहर में प्रवेश करते ही सबसे पहले पडोली नजर आती है और पडोली गांव पूरी ताकत के साथ जितना अच्छा कर सकेगा, मैं करूंगा ऐसा विश्वास मुनगंटीवार ने व्यक्त किया।

राजनीति में वादे पूरे किए जाने चाहिए और हमने अब तक इसी दिशा में काम किया है। मैंने अपना वचन पूरा कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि कानूनी कठिनाइयों के कारण यह प्रश्न इतने लंबे समय तक बना रह सकता है।

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम:**

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पहल क्रियान्वित कीये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के पास पुरुषों से अधिक शक्ति है और उन्हें सशक्त बनाया जाना चाहिए। मुनगंटीवार ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, चंद्रपुर-बल्लापुर के मध्य में एक एसएनडीटी विश्वविद्यालय केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जिसमें 62 कौशल-आधारित पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, स्वर्गीय सुषमा स्वराज कौशल विकास केंद्र का क्रियान्वयन किया जा रहा है, तथा विशेष परिस्थितियों में लड़कियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, मोरवा में फ्लाइंग क्लब की स्थापना से इस क्षेत्र की लड़कियों को पायलट बनने का अवसर मिलेगा। विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने आशा व्यक्त की कि विशेषकर पडोली की लड़कियां पायलट बनेंगी। मंत्री ने यह भी कहा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं तक पहुंचने के लिए और अधिक पहल किए जाने की आवश्यकता है। पडोली ग्राम पंचायत ने इस चौक का नाम छत्रपति संभाजी महाराज चौक रखने का निर्णय लिया है। इस चौक पर छत्रपति संभाजी महाराज का बोर्ड लगाया जाना चाहिए। विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि वे इसके लिए स्वयं आवश्यक निधि उपलब्ध कराएंगे।



# प्रिंसिपल बोंतावार का स्थानांतरण रद्द करें

> स्कूल प्रबंधन समिति ने प्रेस वार्ता में की मांग.

**चंद्रपुर.** जिले के देवाडा स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संजय बोंतावार का झूठी शिकायत के आधार पर स्थानांतरण किए जाने पर विद्यालय प्रबंधन समिति ने नाराजगी जताई है। समिति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अपने विद्यार्थियों से प्यार करने वाले शिक्षक का राजनीतिक षडयंत्र के तहत तबादला किया गया। इस दौरान प्रिंसिपल बोंतावार का स्थानांतरण निरस्त करने की मांग की गई।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि एकलव्य मॉडल स्कूल भारत सरकार के आदिवासी विभाग द्वारा संचालित स्कूल है। समिति ने छात्रों का ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित रखने के लिए स्कूल में मोबाइल फोन लाने पर प्रतिबंध लगा दिया है तथा इस प्रस्ताव को अभिभावकों की सहमति से मंजूरी दी गई है। लेकिन छात्रों ने इस प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया और छात्रों ने मोबाइल फोन, तंबाकू और अन्य सामग्री छिपा दी। जब प्रिंसिपल बोंतावार ने सामग्री देखी तो उन्होंने छात्रों से स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन छात्रों ने अपने अभिभावकों के सामने शिक्षक पर मारपीट करने का झूठा आरोप लगाया। इस आधार पर प्रशासन ने प्रिंसिपल बोंतावार का तत्काल तबादला कर दिया है। इसलिए प्रबंधन समिति में असंतोष है। इस बार समिति ने प्रिंसिपल बोंतावार पर आंतरिक और बाहरी राजनीति का शिकार होने का आरोप लगाया। इस दौरान समिति ने मांग की कि प्राचार्य बोंतावार का स्थानांतरण निरस्त किया जाए तथा उन्हें एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में पुनः नियुक्त किया जाए।

संवाददाता सम्मेलन में समिति के अध्यक्ष विलास गेडाम, सदस्य खुशाल कुडमेथे, किसन येडाम, रमेश मडावी, अनिल किन्नाके, तुलशीराम किन्नाके आदि उपस्थित थे।

# राजनीतिक रंजिश के चलते नेत्रहीन व विकलांग व्यक्ति पर हमला



**चंद्रपुर.** वरोरा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले खांबाडा में राजनीतिक दुश्मनी के चलते कांग्रेस से जुड़े अनिरुद्ध देठे ने नेत्रहीन व विकलांग वसंता बावने के साथ दुर्व्यवहार व मारपीट की तथा पुलिस में शिकायत दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी दी। जब वह इस संबंध में शिकायत दर्ज कराने गए तो वरोरा पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एडवोकेट अमोल बावने ने कहा कि हमलावर की झूठी शिकायत के आधार पर शिकायतकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ऐसी संवाददाता सम्मेलन यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के माध्यम से आईजी व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है। बावने परिवार भाजपा से जुड़ा हुआ है। हमलावर कांग्रेस पार्टी से संबंधित है। 26 फरवरी को अनिरुद्ध देठे ने वसंता के साथ दुर्व्यवहार किया और मारपीट की। उस रात 9 बजे वह शिकायत दर्ज कराने वरोरा पुलिस स्टेशन गए, लेकिन वरोरा पुलिस ने जांच की आड़ में उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की। दूसरे पक्ष की रिपोर्ट के आधार पर उसके खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज की गई है। इसमें बावने ने एसडीपीओ और थाना प्रभारी पर स्वार्थी होने का आरोप लगाया है।


पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी के माध्यम से वरिष्ठजनों को ज्ञापन भेजकर न्याय की गुहार लगाई गई है।

पत्र सम्मेलन में एड. अमोल बावने, वसंता बावने, प्रमोद हजारे, अशोक पंडिलवार और राजेंद्र मुंगले उपस्थित थे।

# दाताला में बनेगा अत्याधुनिक खेल परिसर

> निर्माण बजट के प्रशासनिक अनुमोदन के लिए बैठक

> मुनगंटीवार का खेल मंत्री को पत्र के माध्यम से अनुरोध.



**चंद्रपुर.** विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने राज्य के खेल और युवा कल्याण मंत्री दत्तात्रेय भरणे को पत्र लिखकर चंद्रपुर जिले के मौजा दाताला में बनने वाले वीर बाबूराव शेडमाके स्टेडियम के अत्याधुनिक खेल परिसर के निर्माण के लिए प्रशासकीय मंजूरी प्राप्त करने के लिए तत्काल बैठक बुलाने का अनुरोध किया है।

चंद्रपुर जिला वन-समृद्ध और आदिवासी बहुल क्षेत्र है। यहाँ बड़े पैमाने पर खनन उद्योग हैं। जिले के युवा खेलों में अग्रणी बने रहें, इसके लिए अच्छी खेल सुविधाएं सृजित करना आवश्यक है। विधायक मुनगंटीवार ने जिले के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकाने के लिए अत्याधुनिक खेल परिसर बनाने का निर्णय लिया है।p

**परियोजना के लिए 137 करोड़ रुपये का बजट तैयार.**

20 सितंबर 2024 को जिलाधिकारी और जिला खेल परिसर समिति, चंद्रपुर की अध्यक्षता में एक बैठक में मौजा दाताला में एक खेल परिसर का निर्माण करने का निर्णय लिया गया था। सहायक संचालक, नगर नियोजन एवं विशेष नियोजन प्राधिकरण, न्यू चंद्रपुर विकास योजना ने मौजा दाताला, न्यू चंद्रपुर विकास योजना में आरक्षण क्रमांक 152, स्टेडियम कॉम्प्लेक्स के लिए 16 एकड़ जमीन आरक्षित की है। लोक निर्माण विभाग क्रमांक 1 2 के माध्यम से 137 करोड़ रुपए का बजट तैयार किया गया है। यह प्रस्तावित बजट जिला खेल अधिकारी, चंद्रपुर द्वारा आयुक्त, खेल और युवा सेवा निदेशालय, पुणे को प्रशासकीय अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया है।

**खेल मंत्री की अध्यक्षता में बैठक जल्द:**

राज्य खेल समिति की अंतिम स्वीकृति प्राप्त करने तथा आगे की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए संबंधित विभागों एवं एजेंसियों की तत्काल बैठक आवश्यक है। इसलिए विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने राज्य के खेल व युवा कल्याण मंत्री दत्तात्रेय भरणे को पत्र लिखकर तत्काल बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। यदि इस बैठक के बाद प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी मिल जाती है तो इससे जिले के युवाओं को विश्व स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध होने का मार्ग प्रशस्त होगा। विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने विश्वास व्यक्त किया है कि यह क्रीड़ा परिसर जिले के युवाओं को बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा तथा भविष्य में चंद्रपुर जिले को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध करेगा।





# पूर्व सांसद नेते को 'डॉक्टर ऑफ सोशल वर्क' की उपाधि से सम्मानित किया गया

**गढ़चिरोली.** सामाजिक कार्य, राजनीति और शिक्षा के बीच संतुलन बनाकर समाज की समग्र प्रगति के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पूर्व सांसद एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अशोक नेते को साउथ-वेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी, यूएसए द्वारा 'डॉक्टर ऑफ सोशल वर्क' (ऑनोरिस कॉसा) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

आज, यह विशेष सम्मान प्रदान करने के लिए। 9 मार्च 2025 को गोवा के 'द क्राउन होटल' में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक समिति ने उन्हें स्मृति चिन्ह, आधिकारिक डिग्री प्रमाण पत्र और विशेष पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

"जब मैं बच्चा था, तो किसी ने मुझसे पूछा था कि बड़ा होकर क्या बनना चाहता हूँ? उस समय मैं कहता था - 'मैं डॉक्टर बनना चाहता हूँ!' हालाँकि, ज़िंदगी मुझे अलग राह पर ले गई। मैं युवा मोर्चा के माध्यम से राजनीति में आया और खुद को सामाजिक कार्यों में समर्पित कर दिया। दो बार विधायक, दो बार सांसद और आज राष्ट्रीय महासचिव के रूप में इन जिम्मेदारियों को निभाते हुए भी शिक्षा के प्रति मेरा जुनून बरकरार रहा। 'मैं एक दिन डॉक्टर बनूँगा' के सपने के साथ मैंने अपनी शिक्षा यात्रा जारी रखी और आखिरकार आज वह सपना साकार हो गया!"

पूर्व सांसद डॉ. अशोक नेते दो बार विधायक और दो बार सांसद रह चुके हैं। उन्होंने समाज की समग्र प्रगति के लिए विभिन्न विकास योजनाओं को बढ़ावा दिया। राजनीतिक नेतृत्व के साथ-साथ वे एक सर्वांगीण नेता के रूप में जाने जाते हैं, जिन्होंने समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

राजनीति की आपाधापी में भी वे शिक्षा के महत्व को नहीं भूले। वे शैक्षणिक रूप से शीर्ष पर पहुंचे, प्रथम श्रेणी की डिग्री के साथ स्नातक हुए और आज, संयुक्त राज्य अमेरिका के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय ने उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान करके उनके कार्य को आधिकारिक रूप से मान्यता दी है।

इस प्रतिष्ठित सम्मान के साथ, उन्हें आधिकारिक तौर पर 'मानद डॉक्टर (एचसी)' की उपाधि का उपयोग करने का विशेषाधिकार भी प्रदान किया गया है।

साउथवेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी संयुक्त राज्य अमेरिका की संघीय सरकार द्वारा पंजीकृत और प्रमाणित एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। उनकी शैक्षणिक समिति में पूर्व सांसद डॉ. यह प्रतिष्ठित मानद उपाधि अशोक नेते की सामाजिक प्रतिबद्धता, सार्वजनिक सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के सम्मान में प्रदान की गई है।

**समाज के लिए प्रेरणादायी व्यक्तित्व!***

पूर्व सांसद एवं भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ.अशोक नेते की राजनीतिक यात्रा हर कार्यकर्ता और युवा के लिए प्रेरणादायक है।

"हालांकि आज मैं डॉक्टर बन गई हूं, लेकिन यह सिर्फ सम्मान की बात नहीं है, बल्कि समाज के लिए और अधिक जिम्मेदारी लेने का अवसर है। मैं नई ऊर्जा के साथ समाज के लिए काम करना जारी रखूंगी, शिक्षा और समाज सेवा का सही मिश्रण हासिल करूंगा।"

***बधाइयां और शुभकामनाएं!***

इस ऐतिहासिक समारोह के अवसर पर कार्यक्रम को मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष डॉ. प्रणय खुणे, जिला उपाध्यक्ष डॉ. भरत खटी, मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता ज्ञानेंद्र विश्वास, निजी सहायक अजय सोनुले, सहायक और सोशल मीडिया प्रमुख दिवाकर गेडाम और अन्य गणमान्य उपस्थित थे। साउथवेस्टर्न अमेरिकन यूनिवर्सिटी के अधिकारियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों ने पूर्व सांसद डॉ.अशोक नेते को हार्दिक बधाई।

गणमान्य व्यक्तियों ने कहा, "यह सम्मान सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे समाज की प्रगति का प्रतीक है। उनके कार्य से समाज का तेजी से विकास होगा।"

**समाज के लिए नई ऊंचाइयों पर काम करना जारी रखने का संकल्प लें!**

पूर्व सांसद डॉ. अशोक नेते के लिए यह सम्मान एक प्रेरणादायक यात्रा का रिकॉर्ड है। उन्होंने राजनीति, समाज सेवा और शिक्षा की त्रिवेणी को प्राप्त करके अपनी भूमिका को अधिक प्रभावी ढंग से निभाया है। इस समारोह में पूर्व सांसद अशोक नेते ने स्वयं 'डॉक्टर ऑफ सोशल वर्क' की उपाधि प्राप्त की तथा समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 30 व्यक्तियों को 'डॉक्टर' की उपाधि से सम्मानित करने का गौरव प्राप्त किया।

**भगवद्गीता सुधा पुस्तक का उपहार – विशेष सम्मान!**

इस विशेष कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ. अशोक नेते को 'मुख्य अतिथि' होने का सम्मान दिया गया। उनके नेतृत्व और सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें पवित्र पुस्तक 'भगवद गीता सुधा' से भी सम्मानित किया गया। उनके गौरव ने समाज के लिए एक नई ऊर्जा पैदा की है और उन्हें अपने भविष्य की यात्रा के लिए सभी क्षेत्रों से शुभकामनाएं मिल रही हैं!




CMYK

# अथिया एक खूबसूरत और शानदार मां

बॉलीवुड के पॉपुलर एक्टर सुनील शेट्टी ने अपनी बेटी और एक्ट्रेस अथिया शेट्टी की प्रेग्नेंसी को लेकर बातचीत की है. सुनील शेट्टी नाना बनने जा रहे हैं और इसके लिए उन्होंने खुशी जाहिर की है. इसके साथ ही उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म 'हेरा फेरी 3' को लेकर भी बड़ा बयान दिया है जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है. एक कार्यक्रम के दौरान सुनील शेट्टी ने बेटी अथिया शेट्टी की प्रेग्नेंसी पर बात करते हुए कहा, 'अथिया एक खूबसूरत और शानदार मां बनने जा रही है. 2025 में ये देखने के लिए सबसे अच्छी बात होगी. वो फोकस्ड है और काफी सचेत है, और उसे पता है कि वो क्या चाहती है.'

सुनील शेट्टी की एक्ट्रेस बेटी अथिया शेट्टी ने भारत के स्टार क्रिकेटर केएल राहुल को डेट करने के बाद साल 2023 में धूमधाम से शादी रचा ली थी. इसके बाद इस कपल ने 8 नवंबर 2024 में ऐलान किया था कि वो जल्द ही पैरेंट्स बनने वाले हैं. दोनों ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा था,'हमारा खूबसूरत आशीर्वाद जल्द ही आ रहा है.'अथिया प्रेग्नेंसी के अंतिम दिनों में है और वो जल्द मां बनने वाली हैं. सुनील शेट्टी भी नाना बनने को लेकर काफी खुश है.

सुनील शेट्टी के वर्कफ्रंट की बात करें तो साल 1992 में फिल्म 'बलवान' से अपने फिल्मी करियर का आगाज करने वाले सुनील इन दिनों सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान की डेब्यू फिल्म 'नादानियां' में नजर आ रहे हैं. इब्राहिम के अपोजिट श्रीदेवी की छोटी बेटी खुशी कपूर हैं. अब सुनील मोस्ट अवेटेड फिल्म हेरा फेरी 3 में नजर आएंगे. इस फिल्म के लिए भी उन्होंने खुशी जताई है और बताया है कि वो इसे लेकर काफी एक्साइटेड हैं. दर्शकों को भी इसका बेसब्री से इंतजार है. क्योंकि इसके पहले के दोनों पार्ट्स ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की थी और फैंस का दिल जीत लिया था. फिल्म में अक्षय कुमार और परेश रावल भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे.

सुनील शेट्टी ने हेरा फेरी 3 को लेकर कहा, हेरा फेरी 3 को सिर्फ प्रियदर्शन (हेरा फेरी 3 के डायरेक्टर) ही बना सकते हैं. वो कॉमेडी को अच्छी तरह से समझते हैं और खुद इसकी स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं. वहीं जब एक्टर से सवाल किया गया कि फैंस इस फिल्म से क्या उम्मीद कर सकते हैं तो उन्होंने जवाब दिया 'ब्लॉकबस्टर'. हालांकि अभी तक ये फिल्म फ्लोर पर नहीं आई है. फिलहाल फैंस को इसकी शूटिंग शुरू होने का इंतजार है.



# सई ताम्हणकर का तलाक

बॉलीवुड कपल्स के अक्सर तलाक सामने आते रहते हैं। इसके बाद उनके इंस्टाग्राम स्टोरी पर उसका दर्द भी साफ झलकता दिखाई देता है, लेकिन जिस एक्ट्रेस की हम बात कर रहे हैं उन्होंने अपने पति और प्रोड्यूसर अमेय गोसावी से तलाक के बाद पार्टी की थी और खूब शराब पी थी। हम बात कर रहे हैं बॉलीवुड और मराठी फिल्मों की जानी-मानी एक्ट्रेस सई ताम्हणकर की।



जिनकी वेब सीरीज डब्बा कार्टेल' नेटफ्लिक्स पर धमाल मचा रही है। अब कई सालों बाद एक्ट्रेस ने अपने तलाक के बाद क्या-क्या हुआ था। ये सब बताया है। उन्होने अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने तलाक के दौरान कोर्ट का कैसा हाल होता है वह भी बताया। उनके खुलासे के बाद सोशल मीडिया पर खलबली मची हुई है। सई ताम्हणकर ने बताया, "मैंने और मेरे पति अमेय गोसावी ने साल 2013 में शादी की थी। हमारी शादी ज्यादा दिनों तक चल नहीं पाई और महज 2 साल बाद ही हमारा तलाक हो गया। तलाक के फाइनल होने के बाद मैंने अपने पति के साथ और हमारे उस समय 8 से 10 दोस्त भी थे सभी ने पार्टी की थी। हमने खूब शराब भी पी थी। तलाक के बाद हम दोनों अजीबोगरीब स्पेस में थे। हम बस रिलैक्स करना चाहते थे, इसलिए हमने ड्रिंक के लिए बाहर जाने का फैसला किया। वहां सब रोने लगे, हमने कुछ प्यार भरी बातें की और जिंदगी को लेकर कुछ सलाह दीं।

## सेलिब्रिटी मास्टर शेफ के विनर बने गौरव खन्ना

टीवी के रियलिटी शो सेलिब्रिटी मास्टरशेफ का फिनाले एपिसोड जल्दी टेलीकास्ट होगा, लेकिन सोशल मीडिया पर तेजी से दावा किया जा रहा है कि गौरव खन्ना शो के विनर बन चुके हैं। शो टेलीकास्ट होने के बाद सिर्फ औपचारिकता पूरी की जाएगी। टॉप 5 में तेजस्वी प्रकाश, निक्की तंबोली, गौरव खन्ना और फैसल शेख ने जगह बना ली थी।टीवी सीरियल अनुपम में अनुज कपाड़िया का किरदार निभाने वाले गौरव खन्ना ने सेलिब्रिटी मास्टरशेफ नाम के टीवी रियलिटी शो में हिस्सा लिया था शो के शुरुआत में वह काफी स्ट्रगल करते हुए और कंपटीशन में अपनी जगह बनाने का प्रयास करते हुए नजर आ रहे थे। लेकिन अब वह विनर बन गए हैं ऐसा कहा जा रहा है।गौरव खन्ना के काम की अगर बात करें तो अनुपम नाम की टीवी सीरियल में वह अनुज कपाड़िया के किरदार में नजर आए, लेकिन उनके शो छोड़ने के बाद अनुपमा की टीआरपी डगमगा गई थी। इसी बात से उनकी शोहरत का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है और शायद यही कारण है कि उनके लिए जबरदस्त वोट किए गए होंगे और जज को उनका प्रदर्शन पसंद आया होगा।गौरव खन्ना ने सच में सेलिब्रिटी मास्टरशेफ का खिताब अपने नाम कर लिया है या नहीं इसके बारे में पुख्ता जानकारी नहीं है, ऑफिशियल अनाउंसमेंट फिनाले एपिसोड टेलीकास्ट होने के बाद ही होगी। लेकिन यह कहा जा सकता है कि गौरव खन्ना को सोशल मीडिया पर लोग अभी से बधाई दे रहे हैं।

# 'हीरामंडी' के बाद चमकी फरदीन खान की किस्मत



संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरामंडी में सालों बाद फरदीन खान को देख हर किसी के चेहरे पर एक मुस्कान नजर आई. उनके कमबैक ने सभी को खुश कर दिया. फरदीन ने इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा और मनीषा कोइराला के साथ स्क्रीन स्पेस शेयर किया था. उनका निभाया हुआ किरदार भी लोगों को काफी पसंद आया था. हीरामंडी के बाद उन्हें अक्षय कुमार, वाणी कपूर, एमी विर्क, तापसी पन्नू के साथ फिल्म खेल खेल में भी देखा गया था. हालांकि ये फिल्म फ्लॉप साबित हुई थी.

जूम के साथ एक खास बातचीत के दौरान फरदीन ने हाल ही में हीरामंडी के साथ अपनी ब्लॉकबस्टर वापसी के बारे में बात की और बताया कि वो इस सीरीज का हिस्सा बनकर कितने खुश थे. उन्होंने कहा, "मैं बहुत लकी हूं कि मुझे संजय लीला भंसाली के साथ काम करने का मौका मिला, मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं और मैं उनके काम की बहुत तारीफ भी करता हूं. इसलिए, इतने सालों के बाद उनके ड्रीम प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना और इस सीरीज में बाकी टैलेंटेड लोगों के साथ काम करना, न सिर्फ एक्टर्स बल्कि सिनेमैटोग्राफर पूरा सेटअप, उनकी पूरी टीम यह बहुत ही खास था.

अपनी बात को पूरा करते हुए फरदीन ने आगे कहा कि वो कभी भी किसी ऐसी बड़ी चीज का हिस्सा नहीं रहें, जिसका ऐतिहासिक महत्व हो और उन्होंने कभी भी ऐसा कोई किरदार नहीं निभाया. यह हकीकत में..एक ऐसी याद है जिसे वह हमेशा संजोकर रखेंगे. यह सीखने का एक बेहतरीन अनुभव रहा, यह एक बड़ा सौभाग्य और सम्मान की बात है. इसलिए, यह बहुत खास रहा है.

अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स पर भी फरदीन खान ने बात की. उन्होंने कहा, "मुझे जो प्रोजेक्ट ऑफर किए गए हैं, उन्हें लेकर मैं बहुत स्पेशल फील कर रहा हूं. वे दिलचस्प हैं, जैसे हीरा मंडी और हाउसफुल 5, जिनमें कंटेंट, मस्ती और कमर्शियल वैल्यू है. मैं लकी था कि मुझे एक क्राइम थ्रिलर मिली, एक ऐसी कैटेगरी जिसे मैंने विस्फोट के साथ पहले कभी नहीं खोजा था, किरदार, सेटअप और कहानी मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर थे, जिससे यह सीखने का एक

# इम्तियाज अली बने सर्वश्रेष्ठ निर्देशक

राजस्थान के जयपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार में विजेताओं की घोषणा हो चुकी है।अमर सिंह चमकीला' के लिए इम्तियाज अली को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सम्मान मिला, जबकि 'पंचायत सीजन 3' को सर्वश्रेष्ठ सीरीज का खिताब दिया गया। आईफा 2025 में करण जौहर के साथ ही करीना कपूर, शाहिद कपूर, बॉबी देओल, उर्फी जावेद, करिश्मा तन्ना, कार्तिक आर्यन समेत कई फिल्मी सितारे भी शामिल हुए।

'दो पत्ती' के लिए कृति सेनन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का खिताब मिला। वहीं, 'सेक्टर 36' के लिए विक्रांत मैसी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का खिताब अपने नाम किया। इम्तियाज अली को 'अमर सिंह चमकीला' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशन का खिताब मिला। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का खिताब 'बर्लिन' के लिए अनुप्रिया गोयनका को मिला है। सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का खिताब 'सेक्टर 36' के लिए दीपक डोबरियाल को मिला।

पंचायत सीजन 3' ने सर्वश्रेष्ठ सीरीज का पुरस्कार अपने नाम किया तो सर्वश्रेष्ठ फिल्म कहानी ओरिजनल 'दो पत्ती' के लिए कनिका ढिल्लों को मिला। सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का खिताब 'बंदिश बैंडिट्स सीजन 2' के लिए श्रेया चौधरी को और अभिनेता का पुरस्कार जितेंद्र कुमार को 'पंचायत सीजन 3' के लिए मिला।

बता दें, रविवार की शाम आईफा अवॉर्ड्स 2025 में फिल्म 'शोले' की 50वीं सालगिरह पर खास समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसकी स्पेशल स्क्रीनिंग राज मंदिर सिनेमा में की जाएगी। कार्तिक आर्यन शो को होस्ट करेंगे। शो में अभिनेता शाहरुख खान, करीना कपूर खान भी आईफा के 25वें सीजन में प्रस्तुति देंगे।




# 'आमिर खान: सिनेमा का जादूगर' का ट्रेलर रिलीज




हाल ही में एक खास फिल्म फेस्टिवल 'आमिर खान: सिनेमा का जादूगर' का ऐलान किया है। यह फेस्टिवल आमिर खान के भारतीय सिनेमा में दिए गए अनमोल योगदान को सेलिब्रेट करने के लिए रखा गया है। जैसे ही इस फेस्टिवल की घोषणा हुई, दर्शकों में जबरदस्त एक्साइटमेंट देखने को मिली। आमिर खान, जो अपनी परफेक्शन और दमदार कहानियों के लिए जाने जाते हैं, उनके फिल्मी सफर को फिर से बड़े पर्दे पर देखना किसी ट्रीट से कम नहीं होगा। बॉलीवुड के इस सिनेमा के जादूगर की फिल्मों को फिर से सिनेमाघरों में देखने का मौका दर्शकों के लिए एक यादगार अनुभव बनने वाला है। बढ़ते एक्साइटमेंट के बीच मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस रखी गई, जहां जावेद अख्तर और पीवीआर के फाउंडर अजय बिजली ने आमिर खान के साथ मिलकर एक दिलचस्प बातचीत की। तीनों दिग्गजों ने मिलकर आमिर खान: सिनेमा का जादूगर का ट्रेलर लॉन्च किया, जिसे देखकर फैंस और भी ज्यादा एक्साइटेड हो गए। ये खास फिल्म फेस्टिवल 14 मार्च, यानी आमिर खान के बर्थडे से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेगा। इस दौरान उनकी कुछ आइकॉनिक फिल्में फिर से बड़े पर्दे पर देखने को मिलेंगी, जो फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं होगी।

आमिर का जन्म 1965 में हुआ और मैंने भी 1965 में बॉलीवुड में काम शुरू किया था। आमिर ने अपनी पहली फिल्म में मेरे द्वारा लिखी स्क्रिप्ट पर काम किया था। मैं पंचगनी में नासिर हुसैन के लिए 'फर्याज' फिल्म लिख रहा था। तभी मैंने आमिर को देखा और तुरंत नासिर से कहा कि यह लड़का एक स्टार है और इसकी शुरुआत एक रोमांटिक फिल्म से होनी चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि आमिर की पहली फिल्म की स्क्रिप्ट मैंने लिखी थी और मेरे बेटे (फरहान अख्तर) की पहली फिल्म भी आमिर के साथ थी।

आमिर खान के बारे में बात करते हुए जावेद अख्तर ने कहा कि इतने सारे किरदार हैं कि मुझे डर है कहीं मैं कुछ भूल न जाऊं। आमिर का जन्म 1965 में हुआ और मैंने भी 1965 में बॉलीवुड में काम शुरू किया था। आमिर ने अपनी पहली फिल्म में मेरे द्वारा लिखी स्क्रिप्ट पर काम किया था। मैं पंचगनी में नासिर हुसैन के लिए 'फर्याज' फिल्म लिख रहा था।


## 'पंचायत' बनी बेस्ट सीरीज

पिंक सिटी जयपुर में आईआईएफए 2025 का धमाकेदार आगाज हो चुका है. 8 मार्च से शुरू हुए इस जश्न के पहले दिन डिजिटल दुनिया यानी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धमाल मचाने वाले सितारों और वेब सीरीज को अवॉर्ड्स से नवाजा गया. इस खास मौके पर कई बड़ी वेब सीरीज, ओटीटी फिल्में और कलाकारों को सम्मान मिला.

9 मार्च को आईआईएफए के मंच पर सिल्वर स्क्रीन के सितारों को सम्मानित किया जाएगा. इस बार कार्तिक आर्यन और करण जौहर इस ग्रैंड अवॉर्ड नाइट को होस्ट कर रहे हैं. वहीं, शाहरुख खान, बॉबी देओल, शाहिद कपूर, करीना कपूर, माधुरी दीक्षित जैसे कई.

# संजीदा शेख के पोज के बीच बॉबी ने लूटी महफिल

बॉबी देओल एक बार फिर सुर्खियों में हैं। बाबा निराला का उनका किरदार चर्चा में बना हुआ है। आश्रम 3 का सीजन 2 हाल ही में रिलीज हुआ है। ऐसे में बॉबी देओल को देखने के लिए जबरदस्त क्रेज नजर आ रहा है। आईआईएफए डिजिटल अवार्ड 2025 के ग्रीन कारपेट इवेंट से एक वीडियो सामने आया है जिसमें संजीदा शेख पोज दे रही हैं लेकिन जैसे ही बॉबी देओल सामने आते हैं कैमरा बॉबी देओल की तरफ मुड़ जाता है। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बॉबी देओल की शोहरत इस समय बुलंदी पर है। और हर कोई उन्हें देखना चाहता है।



आईआईएफए अवार्ड में बाबा निराला की धूम मची हुई है।

आईआईएफए डिजिटल अवार्ड 2025 की ग्रीन कारपेट में सितारों का जमावड़ा लगा हुआ है। कृति सेनन, शाहिद कपूर समेत बॉलीवुड के कई सितारे इस आयोजन का हिस्सा बने। तो बॉबी देओल ने इस आयोजन में पूरी महफ़िल लूट ली है। बाबा निराला की एक झलक पाने के लिए लोगों में उत्सुकता देखने को मिल रही है। सोशल मीडिया पर आईआईएफए डिजिटल अवार्ड का एक वीडियो वायरल हो रहा है इस वीडियो में आप देख सकते हैं कि हीरा मंडी वेब सीरीज की एक्ट्रेस संजीदा शेख कैमरामैन के सामने पोज दे रही हैं तो वहीं बॉबी देओल की एंट्री हो जाती है और सारे कैमरामैन बॉबी देओल को अपने कमरे में कैद करने लगते हैं। संजीदा पोज देती रह जाती है।

# कैटरीना का ग्लैमरस अंदाज

बॉलीवुड की सबसे क्यूट जोड़ी कैटरीना कैफ और विक्की कौशल एक बार फिर सुर्खियों में हैं. हाल ही में कैटरीना अपनी बेस्ट फ्रेंड करिश्मा कोहली की शादी के जश्न में बिजी थीं, जहां उनकी जबरदस्त परफॉर्मेंस के वीडियो वायरल हुए

.दरअसल, बीती रात कैटरीना और विक्की शादी के रिसेप्शन में स्टाइलिश अंदाज में पहुंचे. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है, कि ब्लैक सूट में डैशिंग विक्की, कैटरीना का हाथ पकड़कर शालीनता से उन्हें कार तक एस्कॉर्ट कर रहे हैं. वहीं पिंक ऑफ-शोल्डर ड्रेस में कैटरीना बिल्कुल बार्बी डॉल की तरह लग रही हैं. उन्होंने अपना लुक मिनिमल मेकअप से कम्प्लीट किया, जो उन पर खूब जंच रहा था.

बतादें, साल 2021 में कैटरीना और विक्की ने राजस्थान के उदयपुर में एक रॉयल वेडिंग की थी. इस शादी में सिर्फ 120 करीबी मेहमान ही शामिल हुए थे. तब से लेकर अब तक यह कपल अपने रिश्ते को बेहद खूबसूरती से निभा रहा है, और अक्सर एक-दूसरे के साथ हॉलिडे एन्जॉय करते नजर आता है.वर्क फ्रंट की बात करें तो, विक्की कौशल की हालिया रिलीज फिल्म 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है, और यह उनके करियर की सबसे शानदार फिल्मों में से एक बन गई है. दूसरी तरफ, कैटरीना कैफ फिलहाल बड़े पर्दे से दूर हैं, लेकिन जल्द ही अपने नए प्रोजेक्ट में नजर आएंगी.

# मैथ्यू वेड को गुजरात टाइटन्स का सहायक कोच नियुक्त किया

**नई दिल्ली.**

आईपीएल 2022 के विजेता गुजरात टाइटन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें संस्करण से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर मैथ्यू वेड को सहायक कोच नियुक्त किया है। मैथ्यू वेड कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच आशीष नेहरा, बल्लेबाजी कोच पार्थिव पटेल और सहायक कोच आशीष कपूर और नरेंद्र नेगी के साथ शामिल होंगे। गुजरात टाइटन्स ने एक्स पर पोस्ट किया, "चैंपियन। फाइटर। अब हमारे सहायक कोच! जीटी डग आउट में आपका स्वागत है, मैथ्यू वेड!" 37 वर्षीय मैथ्यू वेड 2022 में हार्दिक पंड्या की कप्तानी में गुजरात टाइटन्स की खिताब जीतने वाली टीम के सदस्य थे और फिर 2024 में, जहां उन्होंने केवल तीन मैच खेले। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, जिन्होंने 15 आईपीएल मैच खेले हैं, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आईपीएल मेगा नीलामी का हिस्सा नहीं थे। वेड ने पिछले साल



अक्टूबर में 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए 200 से ज्यादा मौकों पर खेल चुके हैं, जिनमें से ज्यादातर मौके उन्होंने दो सफेद गेंद वाले फॉर्मेट में खेले हैं। टी20 विश्व कप 2021 के विजेता ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट मैच, 97 वनडे और 92 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने वनडे और टी20 टीमों की कप्तानी भी की है. आईपीएल का आगामी संस्करण 22 मार्च से शुरू होगा, जिसमें गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना सीजन के पहले मैच में कोलकाता के ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। टाइटन्स अपने अभियान की शुरुआत 25 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपने घरेलू मैदान में पंजाब किंग्स के खिलाफ करेंगे।

टाइटन्स ने पिछले साल मेगा नीलामी में 25 सदस्यीय मजबूत टीम बनाई है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, इंग्लैंड के जोस बटलर, भारत के प्रमुख तेज गेंदबाजों में से एक मोहम्मद सिराज और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर जैसे शीर्ष खिलाड़ी शामिल हैं। भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल, अफगानिस्तान के राशिद खान, तमिलनाडु के साई सुदर्शन, हरियाणा के राहुल तेवतिया और तमिलनाडु के शाहरुख खान फ्रेंचाइजी के रिटेन किए गए खिलाड़ी थे। टाइटन्स आईपीएल के पिछले संस्करण में 10 टीमों में आठवें स्थान पर रही थी, जब उसने पहले दो सीजन के अपने कप्तान हार्दिक पांड्या को मुंबई इंडियंस के हाथों खो दिया था।

# नोवाक जोकोविच को इंडियन वेल्स ओपन में पहले दौर में हार

**नई दिल्ली.** पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को रविवार को इंडियन वेल्स ओपन के पहले दौर में ही लकी लूजर बोटिक वैन डे जैन्डसचुल्प के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। वैन डे जैन्डसचुल्प ने जोकोविच को 6-2, 3-6, 6-1 से हराकर अपनी प्रतिष्ठा में इजाफा किया है। वह इंडियन वेल्स में जोकोविच को हराने वाले लगातार दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं, जोकोविच लगातार अपना तीसरा मैच हार गए। वह 2025 में भी चोटों का सामना कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनकी हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी।

**'सबसे ऊंचे क्ले कोर्ट से भी ऊंची उछल रही थी बॉल'**



जोकोविच ने इस हार के बाद कहा कि 'मुझे लगता है कि यह मेरे लिए ऑफिस का एक बुरा दिन था। मैं टेनिस के स्तर के लिए खेद व्यक्त करता हूं, क्योंकि मैं इन दिनों जिस तरह से अभ्यास करता हूं, वह बहुत ही खराब है। सेंटर कोर्ट और अन्य कोर्ट के बीच बहुत अंतर है। उन्होंने कहा कि बॉल सेंटर कोर्ट पर कुछ सबसे ऊंचे क्ले कोर्ट से भी ऊंची उछल रही थी।ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेफा में रिटायर होने के बाद से लगातार तीसरी हारअलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में रिटायर होने, दोहा ओपनर में माटेओ बेरेटिनी से हारने और अब वैन डे जैन्डसचुल्प से हारने के बाद जोकोविच (2018 ऑस्ट्रेलियन ओपन-मियामी) की शुरुआत के बाद से लगातार तीन मैच हारे हैं। एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर सबसे ज्यादा खिताब (40), फाइनल (59) और सेमीफाइनल (78) का रिकॉर्ड रखने वाले सर्ब मास्टर्स 1000 के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने के मामले में नडाल की बराबरी करने से चूक गए, हालांकि रिकॉर्डधारी नडाल के पास पहले से ही सबसे ज्यादा मास्टर्स खिताब हैं।

# प्रणव वेंकटेश बने विश्व जूनियर शतरंज चैंपियन

**नई दिल्ली.** डी गुकेश के बाद भारत को एक और विश्व चैंपियन मिल गया है। ये हैं 18 साल के प्रणव वेंकटेश, जिन्होंने विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप में खिताब जीत लिया। 17 साल के लंबे इंतजार के बाद कोई भारतीय खिलाड़ी विश्व जूनियर चैंपियन बना है। 2008 में अंतिम बार भारत के अभिजीत गुप्ता ने यह खिताब जीता था। प्रणव ने शुक्रवार को मोंटेनेग्रो के पेट्रोवाक में 11वें और अंतिम दौर में स्लोवेनिया के मैटिक लेवरेंसिक के खिलाफ ड्रॉ खेलकर विश्वयह खिताब जीतने के साथ ही प्रणव एक खास क्लब में शामिल हो गए हैं। उनसे पहले अभिजीत गुप्ता 2008, पी हरिकृष्णा 2004 और विश्वनाथन आनंद ने 1987 में विश्व जूनियर चैंपियनशिप अपने नाम की थी। महिला वर्ग में दिव्या देशमुख 2024, डी हरिका 2008 और कोनेरू हम्पी 2001 में विश्व जूनियर चैंपियन बनी थीं। बेंगलूरु में जन्में



प्रणव ने छह साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू कर दिया था। उन्होंने 2021 में सर्बिया ओपन और 2022 में हंगरी के बुडापेस्ट में अपने पहले दो ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किए थे। अगस्त 2022 में, रोमानिया के बाया मारे में लिम्पेडिया ओपन जीतकर वे ग्रैंडमास्टर बने। वे भारत के 75वें और तमिलनाडु के 27वें ग्रैंडमास्टर

# महिला खेलों में निवेशकों की बढ़ती रुचि, 300% वृद्धि का राजस्व

**नई दिल्ली.** वैश्विक स्तर पर महिला खेलों को लेकर जागरुकता और दिलचस्पी बढ़ी है। अब लोग महिला खिलाड़ियों के बारे में ना सिर्फ जानने को उत्सुक दिख रहे हैं, बल्कि मुकाबले को देखने के लिए स्टेडियम तक पहुंच रहे हैं। परिणामस्वरूप, जो निवेशक कभी महिला खेलों की अनदेखी कर रहे थे, अब इस ओर ध्यान दे रहे है। यह बदलाव समानता को लेकर नहीं, बल्कि निवेशकों के लिए एक अच्छी वित्तीय रणनीति के रूप में पहचाना जा रहा है। इस कारण महिला खेलों की मांग बढ़ रही है।

महिला खेलों में स्पॉन्सरशिप डील में साल-दर-साल 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो चुनिंदा पुरुष पेशेवर लीगों की तुलना में लगभग



50 प्रतिशत अधिक है। वहीं स्पोर्ट्स इनोवेशन लैब के डेटा के मुताबिक, 83 फीसदी ब्रांड ने महिला खेलों में निवेश के प्लान बनाए हैं। इनमें से 68 फीसदी ब्रांड 10 फीसदी तक निवेश बढ़ाने की योजना पर काम कर रहे हैं। वैसे, ऐतिहासिक तौर पर महिला खेलों में दर्शकों की संख्या और रुचि पर नजर डालें तो पुरुष समकक्षों की तुलना में उनकी उपस्थिति काफी कम थी। हालांकि आज की स्थिति एक अलग कहानी बयां करती हैं। केवल तीन वर्षों में महिला खेलों से वैश्विक राजस्व में 300% की वृद्धि हुई है। हाल ही में डेलोइट की ओर से किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, 99% ब्रांड निवेशकों का कहना है कि उन्होंने पिछले पांच वर्षों में महिला खेलों में निवेश बढ़ाया है।

अधिक रिटर्न की उम्मीद

निवेशकों का मानना है कि महिला खेलों में निवेश से अधिक रिटर्न मिलने की उम्मीद होती है। इस रिसर्च से पता चलता है कि किसी भी अन्य प्रकार के प्रभावशाली व्यक्ति की तुलना में महिला एथलीट द्वारा समर्थित उत्पाद खरीदने की संभावना लोगों में दोगुनी से

भी अधिक होती है। रिसर्च से यह भी पता चला है कि पेरिस ओलंपिक में महिला एथलीटों ने टिकटॉक और इंस्टाग्राम सहित सोशल मीडिया पर कुल जुड़ाव का 53% हिस्सा हासिल किया।

मीडिया अधिकार और स्ट्रीमिंग सौदे में बढ़ोतरी

प्रसारण सौदे हमेशा से पेशेवर खेलों की वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाते रहे हैं। पुरुषों की अपेक्षा पहले महिला खेलों को आकर्षक अनुबंध हासिल करने के लिए संघर्ष करना पड़ता था, लेकिन अब यह बदल रहा है। महिलाओं के खेलों के प्रसारण और मीडिया अधिकारों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, प्रमुख नेटवर्क और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म प्रमुख महिला खेल आयोजनों के अधिकार हासिल करने में भारी निवेश कर रहे हैं।

इसका अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि वैश्विक महिला खेल बाजार का मूल्य 2023 में लगभग 145 बिलियन अमेरिकी डॉलर था और 2030 तक 256.67 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2024 से 2030 तक 8.5% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ने की संभावना है।

# उत्तर प्रदेश वॉरियर्स ने बैंगलोर को 12 रन से हराया

**नई दिल्ली.** करो या मरो के मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के स्नेह राणा और रिचा घोष अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेंगे। लेकिन यह पर्याप्त नहीं था। उत्तर प्रदेश वॉरियर्स ने 12 रन से जीत हासिल की। हार के साथ बैंगलोर की चुनौती और जीत के बाद उत्तर प्रदेश की चुनौती समाप्त हो गई है। दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियंस और गुजरात लायंस पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में कुल 438 रन बनाए गए थे। यह महिला प्रीमियर लीग में एक मैच में सबसे अधिक स्कोर है। उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में 225 रन बनाए। जॉर्जिया वॉल ने 99 रन बनाए। इस पारी में 17 चौके और दो छक्के शामिल थे। जार्जिया की ओर से ग्रेस हैरिस ने सर्वाधिक 39 और किरण नवगिरे ने 46 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 5 चौके और 2 छक्के लगाए। बैंगलोर की ओर से जार्जिया वारेहम ने 2 विकेट लिए। कप्तान स्मृति मंधाना इसके तुरंत बाद झोपड़ी में वापस आ गईं। मेघना और सबीना ने 27-27 रन बनाए। अनुभवी एलिस पेरी ने 15 गेंदों में 28 रन बनाए लेकिन अंजलि सरवानी ने उन्हें आउट कर दिया। रवि बिष्ट ने 14 रन बनाए। ऋचा घोष ने 33 गेंदों पर 69 रनों की शानदार पारी खेली।

# भारतीय टीम में बेंच पर बैठे खिलाड़ी भी कर रहे हैं कमाई

**दुबई.** भारतीय क्रिकेट टीम अपनी प्लेइंग 11 में काफी कम बदलाव करने के लिए जानी जाती है. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिली. टीम इंडिया ने इस टूर्नामेंट के लिए चुने 15 खिलाड़ियों में से सिर्फ 12 खिलाड़ियों का ही इस्तेमाल किया है. वहीं, टीम में 3 ऐसे खिलाड़ी भी हैं जिन्हें पूरे टूर्नामेंट के दौरान एक भी मैच खेलने को नहीं मिला है और ना ही फाइनल में मौका मिलने की उम्मीद है. लेकिन खास बात ये है कि ये तीनों खिलाड़ी बेंच पर बैठे-बैठे भी कमाई कर रहे हैं.

बिना खेले भी कमाई कर रहे ये खिलाड़ी





टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अभी तक सिर्फ एक बार प्लेइंग 11 में बदलाव किया है. शुरुआती दो मैचों में खेलने वाले हर्षित राणा की जगह अब वरुण चक्रवर्ती खेल रहे हैं. इनके अलावा बाकी सभी 10 खिलाड़ी लगातार प्लेइंग 11 का हिस्सा बन रहे हैं. ऐसे में स्क्वॉड का हिस्सा ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह और वॉशिंगटन सुंदर को इस टूर्नामेंट में एक भी मैच खेलने को नहीं मिला है. लेकिन इससे इन तीनों खिलाड़ियों की कमाई पर कोई असर नहीं पड़ रहा है.

दरअसल, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई प्लेइंग 11 से बाहर बैठने वाले खिलाड़ियों को

भी मैच फिस देती है. इसके अलावा इन खिलाड़ियों को बाकी सभी सुविधाएं भी मिली है जो प्लेइंग 11 में शामिल खिलाड़ियों को दी जाती है. वहीं, टूर्नामेंट जीतने पर इस तीनों खिलाड़ियों को प्लेइंग 11 में शामिल खिलाड़ियों के बराबर ही प्राइज मनी मिलेगी. खिताब जीतने पर जो बीसीसीआई की ओर से इनाम का ऐलान किया जाता है उसमें भी ये खिलाड़ी बराबर के हकदार होते हैं.

**फाइनल में भी नहीं मिला मौका**

टीम इंडिया इस समय काफी अच्छी लय में नजर आ रही है और टीम कॉम्बिनेशन में भी कोई कमी नहीं हैं. ऐसे में ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह और वॉशिंगटन सुंदर को फाइनल मैच में भी मौका नहीं मिला है. वहीं, हर्षित राणा को भी बेंच पर बैठना पड़ा, जो टूर्नामेंट के शुरुआती दो मैचों में भारत की प्लेइंग 11 का हिस्सा बने थे.

# वैशाली ने महिलाओं को सपने साकार करने के लिए प्रेरित किया

**नई दिल्ली.** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सोशल मीडिया अकाउंट की कमान संभाली और महिलाओं को उनके सपने साकार करने के लिए समर्थन एवं प्रोत्साहन दिए जाने का संदेश दिया। वैशाली ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा की बहन हैं और वह छह वर्ष की उम्र से शतरंज खेल रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किया, ''वणक्कम! मैं वैशाली हूं और मैं हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सोशल मीडिया अकाउंट को महिला दिवस के विशेष अवसर पर संभालने को लेकर रोमांचित हूं। जैसा कि आप में से कई लोग जानते हैं, मैं शतरंज खेलती हूं और मुझे हमारे प्यारे देश के लिए विभिन्न टूर्नामेंट में प्रतिनिधित्व





करने पर गर्व है।''

वैशाली ने लिखा, ''शतरंज खेलना मेरे लिए रोमांच से भरी यात्रा रही है जो मेरे कई टूर्नामेंट और ओलंपियाड की सफलताओं में झलकती है। लेकिन इससे आगे, मैं सभी महिलाओं, विशेष रूप से युवा लड़कियों को एक संदेश देना चाहती हूं चाहे कितनी भी बाधाएं आएं अपने सपनों का पीछा करें। आपका जुनून ही आपकी सफलता की ताकत बनेगा।'' उन्होंने यह भी कहा कि सपनों को पूरा करने में परिवार का समर्थन बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वैशाली ने कहा, ''मेरे पास माता-पिता और भाई-बहनों के लिए भी एक संदेश है कि लड़कियों का समर्थन करें। उनकी क्षमताओं पर विश्वास करें, वे कमाल करेंगी।'' उन्होंने अपने माता-पिता थिरु रमेशबाबू और थिरुमति नागलक्ष्मी को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि उनके भाई प्रज्ञानानंदा के साथ उनका बहुत घनिष्ठ रिश्ता है। वैशाली ने कहा कि भारत में महिला खिलाड़ियों को समर्थन मिल रहा है और देश अब महिला खिलाड़ियों को प्रशिक्षण एवं अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है।प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से महिला सशक्तीकरण के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए घोषणा की थी कि उनका सोशल मीडिया प्रोफाइल उन महिलाओं द्वारा संभाला जाएगी जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा, ''हम महिला दिवस के अवसर पर अपनी नारी शक्ति को नमन करते हैं! हमारी सरकार ने हमेशा महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए काम किया है जो हमारी योजनाओं और कार्यक्रमों में झलकता है। वादे के अनुसार, आज मेरा सोशल मीडिया प्रोफाइल उन महिलाओं द्वारा संभाला जाएगा, जो विभिन्न क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ रही हैं!'' यह पहली बार नहीं है जब प्रधानमंत्री ने ऐसा कदम उठाया है। उन्होंने वर्ष 2020 में भी महिलाओं को अपना सोशल मीडिया अकाउंट सौंपा था।

# रोहित शर्मा ने वनडे में टॉस हारने का शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया



**नई दिल्ली.** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने वनडे में टॉस हारने का एक शर्मनाक रिकॉर्ड कायम कर दिया है. बतौर कप्तान रोहित शर्मा ने लगातार वनडे मैचों में टॉस हारने के मामले में ब्रायन लारा के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर टीम इंडिया को पहले गेंदबाजी का न्योता भेजा है. रोहित शर्मा अब बतौर कप्तान लगातार 12 टॉस हार चुके हैं, ब्रायन लारा ने भी साल 1998-1999 के समय लगातार 12 वनडे मैचों में बतौर कप्तान टॉस हारा था.

वनडे में बतौर कप्तान रोहित शर्मा अब सबसे ज्यादा टॉस हारने वाले खिलाड़ी बन गए हैं. रोहित शर्मा और वेस्टइंडीज के ब्रायन लारा ने लगातार 12 टॉस हारे थे. इस लिस्ट में नीदरलैंड्स के पीटर बोरेन का नाम भी शामिल है, जिन्होंने बतौर कप्तान लगातार 11 मैचों में टॉस हारा था. इसी के साथ भारतीय टीम के नाम भी एक अनचाहा रिकॉर्ड जुड़ गया है. भारत अब वनडे मैचों में लगातार 15 टॉस हार चुका है, जिनमें से 12 तो रोहित शर्मा ने ही हारे हैं.

रोहित शर्मा के टॉस हारने का यह सिलसिला 2023 एकदिवसीय वर्ल्ड कप के समय शुरू हुआ था. उसके बाद श्रीलंका के खिलाफ सीरीज, फिर इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज और अब चैंपियंस ट्रॉफी 2025 टूर्नामेंट में भी रोहित शर्मा और भारत के टॉस हारने का सिलसिला बदस्तूर जारी है.

यह अजब कारनामा हो गया है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 टूर्नामेंट में एक भी टॉस नहीं जीती है. इसके बावजूद भारत ने ग्रुप स्टेज में बांग्लादेश, पाकिस्तान और फिर न्यूजीलैंड को भी चित्त किया. सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टॉस हारने के बावजूद टीम इंडिया 4 विकेट से विजयी रही थी. अब फाइनल में भी कप्तान रोहित टॉस हार गए हैं.

# भारत ने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट एमके 1ए का पहला रियर फसलेज सौंपा

**बेंगलुरु.**

देश की निजी कंपनी अल्फा टोकोल इंजीनियरिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड की ओर से तैयार किया गया लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट एमके 1ए का पहला रियर फसलेज आज बेंगलुरु में एयरक्राफ्ट डिवीजन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को सौंप दिया गया. रक्षा मंत्री ने इसे शानदार उपलब्धि बताते हुए मील का पत्थर करार दिया. अपने संबोधन में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे देश के रक्षा विनिर्माण की ऐतिहासिक यात्रा में मील का पत्थर बताया. उन्होंने कहा कि यह समारोह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की प्रगति और सार्वजनिक -निजी भागीदारी को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण भी है.

**रक्षा मंत्री ने की सहयोग की सराहना**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लेटेस्ट प्लेटफार्मों और टेक्नोलॉजीज के साथ सशस्त्र बलों को लगातार मजबूत करने के लिए एचएएल और निजी क्षेत्र की सराहना की. उन्होंने कहा कि एचएएल अपने एकीकृत मॉडल और रणनीतियों के जरिए न केवल सैनिकों की ताकत बढ़ा रहा है, बल्कि निजी क्षेत्र के साथ सहयोग करके विनिर्माण के साथ-साथ अनुसंधान और विकास के नए आयाम भी खोल रहा है. फसलेज विमान का मुख्य हिस्सा होता है, जिसमें पायलट, यात्री के साथ-साथ माल रखे होते हैं, जबकि रियर फसलेज टेल सेक्शन और उससे जुड़े कलपुर्जों को सहारा देता है. रक्षा मंत्री राजनाथ ने बताया कि एचएएल को देश के रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र का 'फसलेज' करार दिया, जिसमें एलएंडटी, अल्फा टोकोल, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और वीईएम टेक्नोलॉजीज जैसी कई प्राइवेट कंपनियां रियर फसलेज की भूमिका निभा रही हैं और एचएएल को अपना सहयोग दे रही हैं. उन्होंने यह भी कहा, "इन भारतीय कलपुर्जों के साथ, हमारे रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में निर्मित होने वाले विमान आने वाले समय में और अधिक बुलंदियों को छुएंगे."



### एचएएल-निजी क्षेत्र हर चुनौती को पार करेंगे'

साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ ने भारतीय वायुसेना की बढ़ती ताकत के लिए वायु योद्धाओं की बहादुरी और समर्पण के साथ-साथ भारतीय सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों की ओर से निर्मित किए जा रहे उपकरणों को श्रेय दिया. उन्होंने कहा, "हमारे साहसी वायु योद्धाओं ने अमूल्य योगदान दिया है, लेकिन स्वदेशी रूप से निर्मित किए जा रहे उपकरण उन्हें अतिरिक्त ताकत प्रदान कर रहे हैं, जिसके साथ वे हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं." उन्होंने उम्मीद जताई कि एचएएल और निजी क्षेत्र हर चुनौती को पार करते रहेंगे और सशस्त्र बलों को हर तरह से मजबूत करने में अपना योगदान जारी रखेंगे. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने 83 एलसीए एमके1ए कॉन्ट्रैक्ट के लिए प्रमुख मॉड्यूल की सप्लाई के लिए एलएंडटी, अल्फा टोकोल इंजीनियरिंग सर्विसेज, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (एएएसएल), वीईएम टेक्नोलॉजीज और लक्ष्मी मिशन वर्क्स (एलएमडब्ल्यू) जैसी अलग-अलग भारतीय निजी कंपनियों को ऑर्डर दिए थे. एचएएल ने पहले ही 12 एलसीए एमके1ए रियर फसलेज का निर्माण कर लिया है, जो विनिर्माण लाइन में विमान पर हैं. इस अवसर पर वायुसेना प्रमुख के एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, सांसद डॉक्टर सुधांशु त्रिवेदी, एचएएल के सीएमडी डॉ. डीके सुनील, अल्फा टोकोल इंजीनियरिंग सर्विसेज के सीईओ और निदेशक विंग कमांडर बरन सेन (रिटायर), वीईएम टेक्नोलॉजीज के सीएमडी वी वेंकटराजू, लार्सन एंड टूब्रो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण टी रामचंदानी, टीएएसएल के उपाध्यक्ष गणेश राघवन, एलएमडब्ल्यू-एटीसी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, निदेशक और वरिष्ठ अधिकारीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे.

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महिला बाइक रैली का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली.**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रविवार को एक कार्यक्रम में पहुंची सीएम गुप्ता ने सामाजिक कार्यकर्ताओं और पैरालिंपियन सहित सात महिलाओं को सम्मानित किया. इस दौरान दोनों ने ही महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया. इस मौके पर उनके साथ दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना भी मौजूद थे. दरसअल एक अखबार की तरफ से महिला बाइक रैली का आयोजन किया गया था.

जिसे सीएम और उपराज्यपाल ने झंडी दिखाकर शुरू किया. कॉनॉट प्लेस में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने महिला बाइक चालकों की जमकर तारीफ की साथ ही उन्हें सशक्तिकरण का प्रतीक बताया. सीएम ने कहा कि इन बाइक चालकों ने उन लोगों को गलत साबित कर दिया है जो कहते हैं कि महिलाएं कुछ चीजें नहीं कर सकतीं. उन्होंने कहा कि महिलाओं को डर में नहीं रहना चाहिए, क्योंकि डर के आगे ही जीत है. इसके साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि जब वो कॉलेज में थीं तो स्कूटर



चलाया करती थीं.

**'सड़कों पर आत्मनिर्भरता और जोश की नई लहर' :** सीएम रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया पर इस कार्यक्रम की तस्वीरें शेयर करते हुए खुशी जाहिर की. उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा 'दिल्ली की सड़कों पर आत्मनिर्भरता और जोश की नई लहर! ' इसके आगे उन्होंने कहा 'उपराज्यपाल वी के सक्सेना के साथ ऑल वीमेन बाइक रैली में शामिल होकर राजधानी की जिंदादिली, ऊर्जा और आत्मविश्वास को करीब से महसूस किया. ऐसे उत्साहपूर्ण आयोजन न सिर्फ उमंग और सकारात्मकता को बढ़ाते हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता और प्रगति की दिशा में भी मजबूत कदम साबित होते हैं' . उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों के जोश और उत्साह ने इस आयोजन को और खास बनाया!.

**'बाइक रैली महिलाओं के साहस का प्रदर्शन है' :** वहीं इस मौके पर उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा कि बाइक रैली महिलाओं के साहस का प्रदर्शन है. उन्होंने कहा कि भारत में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं. वहीं कुछ क्षेत्रों में महिलाएं पुरुषों से आगे निकल रही हैं. हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से कहीं ज्यादा थी.

# 8 साल की मासूम के साथ बहन के ससुर ने किया रेप

**ढाका.**

बांग्लादेश में एक आठ वर्ष की बच्ची के साथ रेप की घटना के बाद लोगों को गुस्सा भड़क उठा है. देश भर में लोगों ने रविवार को सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया. उन्होंने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की. यह दुखद घटना बुधवार को तब हुई जब बच्ची मगुरा में अपनी बड़ी बहन के घर गई थी. बहन के ससुर ने इस अपराध को अंजाम दिया. बच्ची को गंभीर चोटें आईं और उसे पहले ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया, उसके बाद उसे अधिक देखभाल के लिए सीएमएच अस्पताल में ट्रांसफर कर दिया गया. पुलिस के मुताबिक बहन के पति ने कथित तौर पर अपराध में सहयोग किया. उन्होंने बताया कि रेप करने वाले की पत्नी और बड़े बेटे को भी घटना की जानकारी थी और बाद में उन्होंने इसे छुपाने के लिए बच्ची को मारने का भी प्रयास किया. पीड़िता की बहन के ससुर, पति, सास और देवर को आरोपी बनाया गया और



पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर चुकी है. इस घटना के विरोध में ढाका यूनिवर्सिटी के शिक्षकों और छात्रों ने रविवार को परिसर में विरोध रैली निकाली. राजशाही यूनिवर्सिटी के सैकड़ों छात्रों ने अपनी कक्षाओं और परीक्षाओं का बहिष्कार किया, ढाका-राजशाही राजमार्ग को लगभग आधे घंटे तक ब्लॉक कर दिया गया. छात्रों ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यौन हिंसा के अपराधियों के लिए त्वरित कार्रवाई और कठोर दंड की मांग की.

**आरोपियों के लिए मृत्युदंड की मांग**

कुश्तिया में इस्लामिक यूनिवर्सिटी (आईयू) में भी विरोध प्रदर्शन हुए. छात्रों ने यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार के पास खुलना-कुश्तिया राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया. यह प्रदर्शन दोपहर में यूनिवर्सिटी के बोटाटोला क्षेत्र से शुरू हुए विरोध मार्च के बाद हुआ. छात्रों ने ऐसे जघन्य अपराधों के आरोपियों के लिए मृत्युदंड की मांग की. इस बीच, बांग्लादेश में पिछले पांच दशकों से बाल संरक्षण के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे संगठन सेव द चिल्ड्रन ने मगुरा की घटना की निंदा की. चिंताजनक आंकड़ों पर प्रकाश डाला, जिसमें बताया गया कि इस साल 2,362 महिलाओं और लड़कियों को हिंसा का सामना करना पड़ा है, जिनमें 1,036 बच्चे शामिल हैं. बांग्लादेश के कंट्री डायरेक्टर शुमोन सेनगुप्ता ने व्यवस्थागत सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया. उन्होंने कहा, "हम इस भयानक अपराध की पीड़िता के लिए न्याय की मांग करते हैं. अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपराधियों पर तुरंत मुकदमा चलाया जाए. हिंसा के लगभग 40 प्रतिशत पीड़ित बच्चे हैं, इसलिए उनकी, विशेष रूप से छोटी लड़कियों की सुरक्षा के लिए तत्काल सुधार जरूरी हैं." मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने आश्वासन दिया कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि आरोपियों को सजा मिले. उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे जघन्य अपराधों के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेही से बचने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

# चीन ने अपने रक्षा बजट को 249 अरब डॉलर तक बढ़ाने का किया ऐलान

**नई दिल्ली.**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जहां एक तरफ बड़े देशों से रक्षा बजट कम करने की अपील कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ चीन अपना रक्षा बजट कम करने की बजाय बढ़ाने पर जोर दे रहा है. चीनी प्रधानमंत्री ने ऐलान किया है कि वह अपने देश का रक्षा बजट 249 अरब डॉलर तक बढ़ाने जा रहे हैं. ट्रंप की अपील थी कि रूस-चीन जैसे बड़े देश अपना रक्षा बजट 50 फीसदी कम करे, ताकि वे अपने देश के रक्षा बजट को भी इतना ही कम कर सकें और "टैक्सपेयर्स के पैसे को अन्य देशों की सुरक्षा पर खर्च करने से बचा सकें." चीन का कहना है कि उसकी सेना राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा में मुश्किल चुनौतियों का सामना कर रही है, और इसलिए वे अपना रक्षा बजट बढ़ाएंगे. चीन ने अपने रक्षा बजट को 249 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने का फैसला किया है, जो कि 7 फीसदी की बढ़ोतरी है. बुधवार को चीनी प्रधानमंत्री लीच्यांग ने संसद में इस विशाल बजट का ऐलान किया. यह बजट अमेरिकी रक्षा बजट के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा बजट है.

**चीन क्यों कम नहीं कर रहा अपना रक्षा बजट ? :** चीन के रक्षा प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने वार्षिक



संसद सत्र के दौरान कहा कि बढ़ा हुआ बजट न्यू-डोमेन फोर्सेज के डेवलपमेंट और न्यू जेनरेशन लड़ाकू क्षमताओं के साथ-साथ चीनी सशस्त्र बलों की संयुक्त हमलों की तैयारी के लिए इस्तेमाल किया जाएगा. रक्षा प्रवक्ता ने कहा, "चीनी सेना को राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने में कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है." पिछले साल, चीन ने अपने रक्षा बजट में 7.2 फीसदी की बढ़ोतरी की थी, जो लगभग 232 बिलियन डॉलर तक था. एक तरफ चीन अमेरिका की विशाल रक्षा बजट का हवाला देता है, जो कि चीनी रक्षा बजट के तीन गुना से भी ज्यादा है. हालांकि, चीन का रक्षा बजट भारत पर भी दबाव डाल रहा है, जो कि सीधे चीनी आक्रमाकता का सामना करता है. चीन का रक्षा खर्च भारत के 681,210 करोड़ रुपये (लगभग 78.8 बिलियन) का तीन गुना है.

**ट्रंप क्यों चाहते हैं रक्षा बजट कम करें बड़े देश ? :** डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति के रूप में जब से अमेरिका की कमान संभाली है, और एलन मस्क को डोज का प्रमुख बनाया है तब से ही अमेरिका अपनी फंडिंग कम करने पर जोर दे रहा है. चाहे वह सपोर्ट के रूप में हो, या डील के रूप में. मसलन, अमेरिका अपने रक्षा बजट के लिए 820 अरब डालर का आवंटन करता है. 2023 में अमेरिका ने अपने रक्षा बजट का 11.4 फीसदी हिस्सा अन्य देशों के लिए आवंटित किए थे, और इसका रक्षा बजट कुल जीडीपी का 3.4 फीसदी है. डोनाल्ड ट्रंप अपनी योजनाओं पर कई बार सार्वजनिक रूप से बात भी कर चुके हैं. वह यूनाइटेड नेशन, और नाटो जैसे समझौतों से अमेरिका को निकालने की मंशा रखते हैं. मसलन, नाटो समूह में अमेरिका रक्षा पर सबसे ज्यादा खर्च करता है, और बाकी यूरोपीय देशों का खर्च बहुत कम है.

**रक्षा बजट कम करने को तैयार हैं पुतिन :** ट्रंप इसे इनजस्टिस मानते हैं, और प्लान करते हैं कि अमेरिका इस अलायंस से निकले ताकि टैक्सपेयर्स के पैसे बचाए जा सकें. रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी ट्रंप की बात से इत्तेफाक रखते हैं, और वह भी अपने देश का रक्षा बजट कम करने को तैयार हैं, लेकिन शी जिनपिंग ने इससे इनकार कर दिया है. व्लादिमीर पुतिन ने कहा था कि ये अच्छी बात है कि बड़े देश अपने रक्षा बजट को कम करें. वह ट्रंप के बड़े प्रशंसक भी हैं.

# चीनो हिल्स मंदिर में तोड़फोड़: हिंदू समुदाय का विरोध

**अमेरिका.**

अमेरिका के कैलिफोर्निया में चीनो हिल्स में मौजूद बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस ) के मंदिर में अज्ञात लोगों द्वारा तोड़फोड़ की गई है. जिसने हिंदुओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा को उजागर किया है और मंदिरों की सुरक्षा करने में नाकाम हो रही अमेरिकी पुलिस पर कई सवाल उठाए हैं. बीएपीएस में हुई तोड़फोड़ के बारे में 'बीएपीएस ने बताया की "एक और मंदिर अपवित्र किया गया. इस बार यह घटना कैलिफोर्निया में चीनो हिल्स में हुई है. हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ दृढ़ता से खड़ा है. चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया में समुदाय एक साथ है और हम कभी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे." पोस्ट में ये भी कहा गया है कि हमारी साझा मानवता और आस्था यह तय करेगी कि शांति एवं करुणा कायम रहे.

**भारत सरकार की प्रतिक्रिया**

मंदिर पर हुए इस हमले का भारत सरकार ने भी खुलकर विरोध किया है. विदेश मंत्रालय ने रविवार को इस 'घृणित कृत्य' की कड़े शब्दों में निंदा की है. एक आधिकारिक बयान में मंत्रालय ने स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है. उत्तरी अमेरिका में हिंदू धर्म के लिए काम करने वाले वाले संगठन 'द कोएलिशन ऑफ हिंदूज ऑफ नॉर्थ अमेरिका' ने पहले हुई इस प्रकार की घटनाओं की ओर ध्यान दिलाया और गहन जांच की मांग की है. संगठन ने कहा, "एक और हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की गई, इस बार कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स में प्रतिष्ठित बीएपीएस मंदिर में.

# रामचेत मोची ने शुरू की 'रामचेत मोची' ब्रांड की योजना

**लखनऊ.**

उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में मोची का काम करने वाले रामचेत मोची को तो अब हर कोई जानता है. ये वही शख्स हैं जिनसे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मुलाकात की थी और इस मुलाकात के बाद रामचेत की तकदीर ही बदल गई. यही रामचेत मोची अब 'रामचेत मोची' नाम से अपना ब्रांड शुरू करने की योजना बना रहे हैं. इसके लिए उन्होंने राहुल गांधी से सहयोग मांगा है. हाल ही में सांसद ने रामचेत मोची को मुंबई बुलाकर चमड़ा कारोबारी सुधीर कुमार से उनकी मुलाकात कराई थी. जिसकी तस्वीरें राहुल ने सोशल मीडिया पर भी शेयर की थीं. रामचेत पहली बार हवाई सफर कर मुंबई पहुंचे थे, जहां उन्हें सुधीर कुमार के चमड़े के व्यवसाय को देखने का मौका मिला. मीडिया से बात करते हुए रामचेत ने कहा कि सुधीर कुमार का व्यवसाय विदेशों तक फैला हुआ है और उनके यहां नए-नए



डिजाइन के बैग और सैंडल बनाए जाते हैं. कुछ उत्पाद लकड़ी के हैं तो कुछ रबड़ के'. रामचेत ने बताया कि उन्होंने मुंबई में अपनी कारीगरी का हुनर दिखाया और मशीन के जरिए एक पर्स बनाया. सुधीर कुमार ने भी उनके काम की सराहना की और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी.

रामचेत ने यह भी बताया कि वो अपने बेटे को भी यह व्यवसाय सिखा रहे हैं और वह अपने ब्रांड 'रामचेत मोची' को स्थापित करने की भी योजना बना रहे हैं. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के प्रति उनका सम्मान है क्योंकि उन्होंने उनकी छोटी सी दुकान पर बैठकर उनकी मदद की. रामचेत ने बताया कि उन्होंने अपने कारोबार का विस्तार किया है और किराये पर एक जगह लेकर वहां पर मशीन लगाई है, जहां वह जूते बनाते हैं और उनके पास दो-तीन कारीगर काम करते हैं.

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बीते 6 मार्च को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा था 'चमार स्टूडियो के संस्थापक सुधीर राजभर लाखों दलित युवाओं की कहानी को समेटे हुए हैं. आज, धारावी में सुधीर और उनकी टीम के साथ काम करते हुए, मैंने समावेशी उत्पादन नेटवर्क की अहमियत को महसूस किया – ऐसे नेटवर्क जो विभिन्न क्षेत्रों में कुशल श्रमिकों को आगे बढ़ाते हैं' उन्होंने कहा 'मुझे यह भी उतना ही महत्वपूर्ण लगा कि सुधीर को अपना ज्ञान और अनुभव दूसरों के साथ भी बांटना चाहिए. इसलिए हमने अपने मित्र रामचेत मोची को सुल्तानपुर से बुलाया ताकि वह सुधीर से मिल सकें और समझ सकें कि डिज़ाइन और इनोवेशन (नवाचार) उनके व्यवसाय को कैसे नया रूप दे सकते हैं'.

**रामचेत से कैसे मिले राहुल गांधी**

पिछले साल 26 जुलाई 2024 को राहुल गांधी सुल्तानपुर के एमपी एमएलए कोर्ट में अमित शाह पर टिप्पणी को लेकर चल रहे मानहानि केस मामले में हाजिर होने गए थे. वापसी के दौरान रास्ते में वो जूते बना रहे रामचेत मोची के पास रुके थे.

# कुवैत ने रमजान में भीख मांगने वाले प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की

**कुवैत.**

कुवैत के आंतरिक मंत्रालय ने रमाजन के पवित्र महीन के दौरान भीख मांगते हुए पकड़े जाने वाले किसी भी प्रवासी को वापस उसके देश भेजने की बात कही थी. अब कुवैत ने इस मामले में सख्त कानूनी कदम उठाने शुरू कर दिये हैं. यहां अक्सर मस्जिदों के बाहर भीख मांगने पर पुलिस कार्रवाई करती है. इस बार रमजान में कुवैत सरकार की तरफ से जांच की गई, जिसमें 11 भिखारियों को गिरफ्तार किया गया है. ये सभी प्रवासी हैं. पाकिस्तान के लोग बड़ी तादाद में अरब देशों में काम करने के लिए जाते हैं. पिछले साल पाकिस्तान की सीनेट की एक कमेटी ने कबूल किया था कि गल्फ देशों (यूएई, सऊदी अरब, कतर और कुवैत) में काम कर रहे पाकिस्तानियों की भीख मांगने की शिकायतें आई है. कमेटी ने कहा था कि यही कारण है कि वहां के देश पाकिस्तानियों को ज्यादा पसंद नहीं करते हैं. खाड़ी के कई देश इसे लेकर पाकिस्तान सरकार से शिकायत भी कर चुके हैं.

**कुवैत ने शुरू की कानूनी कार्रवाई**

बीते दिनों पाकिस्तान के अधिकारी ने कहा था कि यूएई, सऊदी अरब, तकर और कुवैत में गिरफ्तार किए गए भिखारियों में 90 फीसदी पाकिस्तानी नागरीक हैं. ऐसे में यह साफ है कि इस बार कुवैत में जिन भिखारियों की गिरफ्तारी हुई है, उनमें से अधिकतर पाकिस्तानी नागरीक ही होंगे. गिरफ्तार भिखाड़ियों में 8 महिलाएं और 3 पुरुष शामिल हैं, जो अरब और एशिया के रहने वाले हैं.

# इजराइली सेना ने हमास और हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर किए हमले

**इजराइल.**

मिडिल ईस्ट में सुलगे बारूद शांत होने का नाम नहीं ले रहा है. एक बार फिर इजराइली सेना ने हमास और हिज्बुल्लाह को टारगेट बनाकर हमले किए हैं. लेबनान में गिरे बारूद से हिज्बुल्लाह के कई ठिकाने तबाह हो गए हैं. लेकिन गाजा में हुए गुप्त हमलों में हमास के नुकसान का अनुमान नहीं है और इसी कार्रवाई की वजह से हमास और हूती ने इजराइल के खिलाफ चेतावनी जारी की है. बंधक संकट से उबर रहे इजराइल के लिए अपने नागरिकों से ज्यादा जरूरी है, अपने मुल्क की सुरक्षा इसलिए इजराइल के लिए फिर से खतरा बनकर उभर रहे हमास और हिज्बुल्लाह को जमींदोज करने का मिशन इजराइली सेना ने शुरू कर दिया है. ये हमले इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में किए हैं, जिनके टारगेट थे हिज्बुल्लाह



के वो ठिकाने, जहां वो चौकी बनाकर चैन से सो रहे थे. मगर इजराइली सेना ने उनका चैन छीन लिया.

**लेबनान में इजराइल का हमला**

ये वही दक्षिणी लेबनान है, जहां इजराइल ने युद्धविराम की घोषणा की थी, लेकिन ये सिर्फ इजराइल की चाल के अलावा कुछ नहीं था इसलिए लगातार जारी हमलों के बीच, इस भीषण हमले को अंजाम दिया गया है. इजराइली सेना ने इन हमलों के पीछे जो मकसद बताया, वो चौंकाने वाला है. इसका मकसद इजराइल विरोधियों को सीमा से दूर रखना, हिज्बुल्लाह को दोबारा मजबूत न होने देना और सीमावर्ती क्षेत्र को नोमैन्स लैंड बनाना है.

**हमास ने इजराइल को दी चेतावनी**

हालांकि, लेबनान के मुहाने पर ये हमले संभव हैं, क्योंकि हिज्बुल्लाह इजराइल के लिए खतरा है लेकिन हमास की स्थिति ऐसी नहीं है. गाजा में अब भी इजराइली बंधक हैं, जिन्हें आजाद कराना इजराइल का मकसद है लेकिन इस मकसद को पूरा करने के लिए जारी युद्धविराम का भी इजराइल लगातार उल्लंघन कर रहा है, जिससे स्थिति बिगड़ती जा रही है इसलिए हमास ने अब चेतावनी जारी कर दी है. चेतावनी ये है कि इजराइल को कोई भी हमला गाजा पर न करे.

**इजराइल को भड़का रहा अमेरिका!**

हूती चीफ अब्दुल मलिक अल-हूती ने कहा है कि हम पूरी दुनिया के लिए ये ऐलान करते हैं कि, हम मध्यस्थों को 4 दिन की समय सीमा दे रहे हैं. अगर इजराइल गाजा पट्टी से मानवीय सहायता रोकना जारी रखता है, तो हम उनके खिलाफ अपने नौसैनिक अभियान फिर से शुरू करेंगे. मतलब साफ है कि, मिडिल ईस्ट में बारूद से भड़की आग इतनी जल्दी शांत नहीं होगी क्योंकि इस आग को भड़काने का काम इजराइल के जरिए ट्रंप करवा रहे हैं, जिनका मकसद है, ईरान को घुटनों पर लाना. ईरान को न्यूक्लियर हथियार बनाने में कामयाब न होने देना और ईरान के प्रॉक्सी का संपूर्ण संहार करना.

### नया खतरा बनकर उभर रहा है हूती

अगर सीजफायर टूटा तो बंधकों की जान खतरे में होगी. हालांकि इस चेतावनी का एक मकसद ट्रंप को जवाब देना भी है, जिसमें उन्होंने कार्रवाई का ऐलान किया था इसलिए हमास बंधक रिहाई की डील को लम्बे समय तक खींच रहा है, ताकि भविष्य के लिए हमास को फिर से मजबूत किया जा सके लेकिन इजराइल के लिए खतरा सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है. नया खतरा बनकर उभर रहा है हूती संगठन, जिसने लेबनान और गाजा पर जारी हमलों के बीच नई चेतावनी जारी की है.

# प्रेमी की मौत के बाद अपराध की दुनिया में कदम : मैग्डलीना क्राल्का

**यूरोप.**

मैग्डलीना क्राल्का एक पूर्व फुटबॉल गुंडा से यूरोप की सबसे कुख्यात महिला अपराधियों में से एक बन गई. अपने प्रेमी की मौत के बाद, उसने ड्रग तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे अपराधों में संलिप्त होकर एक बड़ा अपराध गिरोह बनाया. छह साल तक भूमिगत रहने के बाद, उसे स्लोवाकिया में गिरफ्तार कर लिया गया और उसे कई सालों की सज़ा सुनाई गई, पर उसके समर्थकों ने सोशल मीडिया पर उसका समर्थन जारी रखा. उसका अपराधी जीवन तब शुरू हुआ जब उसके प्रेमी और ड्रग गैंग के बॉस एड्रियन जिलियोना को पुलिस ने गोलियों से भून दिया. अपनी प्रेमी के मरने के बाद क्राल्का ने अपराध की दुनिया में कदम रखा और गैंग को संभाल शुरू किया. धीरे-धीरे वह ड्रग



तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे अपराधों में संलिप्त हो गई. क्राल्का ने अपनी क्राइम की जिंदगी की शुरुआत फुटबॉल हुलीगन की तरह की, जहां वह प्रतिद्वंद्वी टीमों के फैंस से लड़ाई करती थी. इसमें उसने फेंस पर कई गंभीर हमले किए, जिनमें चाकू और माचेट जैसे खतरनाक उपकरणों का इस्तेमाल किया गया था. उसने अपने गिरोह को सुरक्षा दी और कई अपराधियों को खतरों से छुपाया भी. फुटबॉल हुलीगनिज़्म से उसका अपराधी करियर ड्रग तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग तक पहुंच गया और वह एक लेडी माफिया बन गई.

**पुलिस से छिपने के लिए हुई अंडरग्राउंड :** जब क्राल्का के क्राइम बढ़ने लगे तो वह पुलिस के निशाने पर आ गई. वह अपने प्रेमी की मौत के बाद अपराध की दुनिया में धीरे धीरे अपना कद बड़ा कर रही थी. उसने यूरोप में 65 किलो कोकीन की तस्करी की और गैंग में नए सदस्य भर्ती किए, जिससे उसका गिरोह और मजबूत हो गया. वह 2018 में गिरोह का प्रमुख बन गई और पुलिस से बचने के लिए 2019 में भूमिगत हो गई.

**6 साल बाद हुई गिरफ्तारी :** छह साल तक वह अपने अपराध संगठन की कठपुतली बनी रही और पुलिस से बचती रही. आखिरकार उसे स्लोवाकिया में गिरफ्तार कर लिया गया है और उसको सजा भी सुना दी गई है. उसपर तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में तीन 42 महीने की सजा और 10 हजार डॉलर का जुर्माना हुआ है.